राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# लोकशक्ति

RNI Regn. No.7789/1964



बजट सत्र से पहले मंगलवार को संसद में विभिन्न दलों के नेताओं की बैठक



उत्तराखंड: 2 फरवरी को UCC का ड्राफ्ट सौंपेगी कमेटी, बजट सत्र में बिल पास कराएगी प्रदेश सरकार

वर्ष-60 › अंक -37 रायपुर मंगलवार 30 जनवरी 2024 शुक्लपक्ष विक्रम संवत 2080 पृष्ठ 8 › मूल्य : 2 रू डाक पंजीयन : C.G./RYP DN/71/2023-25

परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम : स्कूली परीक्षाओं में सफलता के बाद जीवन की पाठशाला की परीक्षाएं शुरू हो जाती हैं

# परीक्षा के दौरान अति उत्साही न बनें : प्रधानमंत्री

### प्रधानमंत्री श्री मोदी ने की 'परीक्षा पे चर्चा', स्कूली बच्चों को दिए तनावमुक्त परीक्षा दिलाने के टिप्स

रायपुर, लोकशक्ति।

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने आज हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी स्कूली बच्चों, शिक्षकों और अभिभावकों के साथ परीक्षा को उत्सव की तरह मनाने एवं विद्यार्थियों में तत्संबधी तनाव दूर करने के लिए सीधा संवाद किया। पीएम मोदी ने कहा कि कुछ गलतियां मां-बाप का अति उत्साह कर देता है और कुछ गलतियां छात्र कुछ कर देते हैं. पीएम मोदी ने कहा कि मां-बाप को परीक्षा के समय अति उत्साह नहीं दिखाना चाहिए. प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि परीक्षा के समय मां-बाप को खाने-पीने के लिए जबरदस्ती नहीं करनी चाहिए. ऐसे करने से तनाव शुरू हो जाता है.



प्रधानमंत्री मोदी ने सुकमा की छात्रा उमेश्वरी को बिठाया अपने पास



पीएम मोदी ने कहा कि स्टूडेंट्स को उसे अपनी मस्ती में जीने दीजिए. पीएम मोदी ने कहा कि जो स्टूडेंट्स सिंसियर होते हैं वे परीक्षा कक्ष तक किताब नहीं छोड़ते. पीएम मोदी ने कहा कि परीक्षा से पहले परीक्षा कक्ष में डीप ब्रीथिंग करें, खुद में खो जाएं, अच्छी चीजों के बारे में सोचें और उन छड़ों को याद करें जब आप खुश हुए हों

इस अवसर पर प्रधानमंत्री श्री मोदी ने बच्चों से सीधा संवाद कर उन्हें परीक्षा को एक उत्सव की तरह मनाने तनावमुक्त एवं उत्साह के साथ दिलाने के टिप्स दिए। परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम में प्रधानमंत्री श्री मोदी ने छत्तीसगढ़ के सुकमा की छात्रा उमेश्वरी को अपने पास बिठाया। कांकेर स्थित जवाहर नवोदय विद्यालय के छात्र शेख कैफुर रहमान ने प्रधानमंत्री से सवाल करते हुए पूछा- परीक्षा के दौरान अधिकांश छात्र घबराहट महसूस करते हैं, जैसा कि प्रश्नों को सही ढंग से न पढ़ना आदि। मेरा आपसे प्रश्न है कि इन गलतियों से कैसे बचा जाए कृपया अपना मार्गदर्शन दें ? जिस पर प्रधानमंत्री श्री मोदी ने उत्तर दिया कि धैर्य रखकर अतिउत्साह में न आना और परीक्षा को एक उत्सव की तरह देखना बहुत जरूरी है।

## छत्तीसगढ़ में शिक्षा व्यवस्था और नीति में बदलाव की कर रहे तैयारी : मुख्यमंत्री



### देश के प्रधानमंत्री को आपकी चिंता, क्योंकि आप देश का भविष्य : मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय

लोकशक्ति। संवाददाता।

मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने कार्यक्रम में उपस्थित स्कूली बच्चों एवं अभिभावकों को सम्बोधित करते हुए कहा कि अभी हम सभी ने देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी का प्रेरक उद्बोधन सुना। इस उद्बोधन से निश्चित रूप से आपके भीतर नयी ऊर्जा का संचार हुआ होगा। आपका आत्मविश्वास और अधिक मजबूत हुआ होगा। आप सभी कितने सौभाग्यशाली हैं कि जब आप परीक्षा की तैयारी कर रहे हैं, तब आपको न सिर्फ आपके शिक्षकों, माता-पिता और मित्रों का साथ मिल रहा है, बल्कि देश के प्रधानमंत्री भी आपके साथ खड़े हैं।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि प्रधानमंत्री जी हर साल परीक्षा से पहले विद्यार्थियों से चर्चा कर उन्हें सफ ल परीक्षार्थी बनने का गुर बताते हैं। यह भी बताते हैं कि परीक्षा की तैयारी के दौरान आप स्वयं को तनाव से किस तरह दूर रख सकते हैं। हर साल आयोजित होने वाला उनका यह कार्यक्रम, परीक्षा पे चर्चा, बहुत लोकप्रिय कार्यक्रम है। आज का यह कार्यक्रम इस तरह का सातवां कार्यक्रम था। देश के प्रधानमंत्री को आप लोगों की चिंता है, क्योंकि आप देश का भविष्य हैं। प्रधानमंत्री जी का आप लोगों के लिए यही संदेश है कि परीक्षा एक उत्सव है। इसकी तैयारी उत्सव की तरह करें, उत्साह के साथ और पूरी ऊर्जा के साथ करें। सकारात्मकता और मेहनत विद्यार्थियों के लिए सफलता की कुंजी है। आपको हर चुनौतियों पर विजय पाते हुए अपनी सकारात्मकता को बनाए रखना है। मुख्यमंत्री ने बच्चों से कहा कि पाठ्यक्रम की तैयारी तभी ठीक तरह से हो पाती है, जब आप अपने शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को बनाए रखने के लिए ठीक तरह से तैयारी करते हैं। अध्ययन और सेहत के बीच जितना अच्छा संतुलन आप बनाए रखेंगे, आपकी सफ्लता की गारंटी उतनी ही अधिक होगी। प्रधानमंत्री जी ने आपको सफ्लता के बहुत सारे टिप्स बता दिए हैं। मैं केवल इतना कहूंगा कि परीक्षा के दौरान अपना खानपान ठीक रखें, नियमित व्यायाम करें, नियमित योग और ध्यान करें। जीवन में कदम-कदम पर परीक्षाएं होती हैं। स्कूली परीक्षाओं में सफ्लता के बाद जीवन की पाठशाला की परीक्षाएं शुरू हो जाती हैं। उन परीक्षाओं में भी सफलता के लिए यही टिप्स काम आते हैं। हमारे प्रधानमंत्री देश में शिक्षा व्यवस्था और नीति में बदलाव के लिए निरंतर काम कर रहे हैं।

## लैंड फॉर जॉब केस : ईडी ने लालू से पूछे 50 सवाल

### 10 घंटे बाद आए बाहर

एजेंसी।

RJD प्रमुख और पूर्व रेल मंत्री लालू प्रसाद यादव से कथित जमीन के बदले नौकरी घोटाला मामले में सोमवार को प्रवर्तन निदेशालय (ED) ने 10 घंटे से ज्यादा वक।त तक पूछताछ की. लालू से यह पूछताछ पटना में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के कार्यालय में हुई. इस दौरान लालू यादव से ईडी की तरफ से 50 से ज्यादा सवाल किए गए और उनसे जवाब मांगे गए. रात करीब सवा 9 बजे लालू प्रसाद यादव ईडी के ऑफिस से बाहर निकले. इस दौरान लालू की बेटी मीसा भारती उनके साथ मौजूद रहीं।



जमीन के बदले नौकरी घोटाला मामले दिल्ली और पटना की ED टीम ने लालू यादव से यह पूछताछ की. 50 से अधिक सवालों के जवाब ED के अधिकारियों ने लालू से मांगे. लालू से पूछताछ को लेकर दिल्ली से करीब एक दर्जन ED के अधिकारियों की टीम भी पटना आई थी. सुबह साढ़े ग्यारह बजे लालू प्रसाद से ED के अधिकारियों ने पूछताछ शुरू की थी।

लालू यादव से दूसरे तल पर ले जाकर पूछताछ का सिलसिला ED की टीम ने शुरू किया था. पूछताछ के दौरान लालू प्रसाद को चाय.. नाश्ता.. दोपहर का भोजन और शाम का नाश्ता दिया गया था. डॉक्टर की तरफ से लिखी हुई सभी दवाईयां भी उन्हें निर्धारित समय पर खाने के दौरान दी गईं.

दवाईयों को खिलाने के लिए खुद उनकी बड़ी बेटी मीसा भारती को अकेले कार्यालय के अंदर आने की अनुमति ED की तरफसे दी गई थी. ED की तरफ से 50 से अधिक सवाल एक-एक कर लालू प्रसाद से पूछे गए और इस दौरान लालू कई बार झल्लाए भी. सवाल जवाब के बीच लालू कई बार बीच-बीच में उठकर कई बार घूमे भी और रिलैक्स हुए. एक सवाल को कई बार घुमाकर पूछे जाने और क्रॉस क्वेश्चन करने पर लालू यादव झल्ला भी गए. हालांकि तुरंत सामान्य होकर अपने चिर-परिचित मुस्कुराहट के साथ हर सवाल का जवाब लालू ने दिया।

## 7 दिनों में पूरे भारत में लागू होगा CAA

एजेंसी। बंगाल के बनगांव से बीजेपी के लोकसभा सांसद शांतनु ठाकुर ने अपने सीएए बयान में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की बात दोहराई। पिछले साल दिसंबर में, अमित शाह ने कहा था कि भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार सीएए लागू करेगी और कोई भी इसे रोक नहीं सकता। उनकी टिप्पणी तृणमूल कांग्रेस सुप्रीमो और पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर लक्षित थी, जो सीएए का कट्टर विरोध करती रही हैं।

कोलकाता के प्रतिष्ठित एस्प्लेनेड में एक बड़ी रैली में अपने भाषण के दौरान, अमित शाह ने घुसपैठ, भ्रष्टाचार, राजनीतिक हिंसा और तुष्टीकरण के मुद्दों पर ममता बनर्जी के खिलाफतीखे हमले किए थे और लोगों से उनकी सरकार को बंगाल से हटाने और 2026 में भाजपा को चुनने का आग्रह किया था। उन्होंने इच्छित लाभार्थियों पर



भी स्पष्टीकरण देते हुए कहा था कि उन्हें भी किसी अन्य की तरह नागरिकता का अधिकार है। संसद के दोनों सदनों में पारित होने और 2019 में राष्ट्रपति की सहमति मिलने के तुरंत बाद, सीएए पूरे भारत में बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शनों और इसके खिलाफ विपक्ष के कड़े रुख में सबसे आगे रहा है। इस महीने की शुरुआत में खबर दी थी कि सीएए नियम केंद्र के पास तैयार हैं और लोकसभा चुनाव की घोषणा से काफी पहले÷ अधिसूचित किए जाएंगे।

अधिकारी ने आगे कहा कि सीएए के लिए ऑनलाइन पोर्टल भी मौजूद है और पूरी प्रक्रिया डिजिटल होगी।

### राजस्थान : सरकारी कर्मचारियों की अवैध संपत्तियों को बुलडोजर से ढहाया जाएगा

एजेंसी। राजस्थान के शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर ने रविवार को ''भ्रष्ट'' सरकारी कर्मचारियों को सख्त चेतावनी देते हुए कहा कि ''आरोपी कर्मचारियों'' की अवैध संपत्तियों को बुलडोजर से ढहा दिया जाएगा। दिलावर ने कहा कि अवैध संपत्ति अर्जित करने के आरोपी सरकारी कर्मचारियों को निलंबित और बर्खास्त किया जाएगा। यहां एक आधिकारिक बैठक के बाद मीडिया से बात करते हुए उन्होंने कहा, ''ऐसे अपराधों (भ्रष्टाचार) के दोषियों की अवैध संपत्तियों को भी बुलडोजर से ध्वस्त कर दिया जाएगा।'' मंत्री ने कहा कि बैठक में उपस्थित अधिकारियों को उन सरकारी कर्मचारियों की पहचान करने का निर्देश दिया गया है।

### मुख्यमंत्री धामी ने रुद्रप्रयाग की जनता को 468 करोड़ रुपये की योजनाओं की दी सौगात,

देहरादून। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रुद्रप्रयाग में रोड शो किया और करीब 468 करोड़ रुपये की योजनाओं का शिलान्यास तथा लोकार्पण किया। एक दिवसीय दौरे पर रूद्रप्रयाग पहुंचे मुख्यमंत्री ने प्राचीन देवल से अगस्त्यमुनि के खेल मैदान तक आयोजित विशाल रोड शो में भाग लिया। इस दौरान बड़ी संख्या में मौजूद लोगों ने धामी का स्वागत किया। रोड शो में मुख्यमंत्री के साथ रूद्रप्रयाग के विधायक भरत चौधरी, केदारनाथ की विधायक शैला रानी रावत तथा भाजपा के जिलाध्यक्ष महावीर पवार मौजूद रहे।

## स्वच्छ जल मुहैया कराने में शीर्ष पर पहुंची योगी सरकार

लखनऊ। एजेंसी।

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में यूपी के हर घर तक नल से जल पहुंचाने में योगी सरकार शीर्ष पर है। सूबे के सभी जनपदों में इस दिशा में तेजी से काम भी किया जा रहा है। रामनगरी में भी योगी सरकार दो लाख 97 हजार से अधिक घरों में नल से जल पहुंचाने की सारथी बनी।**

स्वच्छ पानी से काफी हद तक बीमारियों पर अंकुश लगाया जा सकता है, इसी सोच पर कार्य करते हुए यहां 2203 करोड़ रुपये के प्रोजेक्ट स्वीकृत हो चुके हैं, इनमें से 1793 करोड़ रुपये खर्च कर अयोध्या के घर-घर तक योगी सरकार स्वच्छ जल भी मुहैया करा रही है। साथ ही शेष बचे घरों में भी स्वच्छ जल मुहैया



कराने की तैयारी जोरों से चल रही है। यही नहीं, इन कार्यों के जरिए योगी सरकार की प्राथमिकता गांवों में युवाओं को स्किल ट्रेनिंग देकर स्वावलंबी बनाना भी है।

**3.44 लाख में से 2.97 लाख से अधिक घरों तक नल से पहुंच चुका स्वच्छ जल**

योगी सरकार ने अयोध्या को दिव्य-भव्य व नव्य नगरी बना दिया है। प्राण-प्रतिष्ठा के उपरांत यहां पर्यटकों की आमद भी काफी अधिक हो गई है। इस भव्यता के लिए सीएम योगी ने सभी विभागों को लक्ष्य दिया था। पर्यटन हो या संस्कृति, विकास प्राधिकरण हो या नगर निगम, हर विभाग को टास्क देकर उन्हें सर्वोच्च परिणाम देने का निर्देश सीएम योगी की तरफसे दिया गया है। इसी क्रम में अयोध्या में नमामि गंगे व ग्रामीण जलापूर्ति विभाग की ओर से भी युद्ध स्तर पर कार्य किया गया। यहां 3,44,708 ग्रामीण घरों में से 2,97, 788 घरों तक कनेक्शन पहुंच गए हैं। अभी तक 2203 करोड़ रुपये के प्रोजेक्ट अयोध्या के विकास के लिए दिए गए हैं। इसमें से 1793 करोड़ रुपये के कार्य कर इस योजना को मूर्त रूप दिया गया है।

## लोकसभा चुनाव : केरल में भाजपा की पदयात्रा शुरू

संवाददाता। लोकशक्ति।

गोवा के मुख्यमंत्री ने यात्रा को दिखाई हरी झंडी केरल में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) लोकसभा चुनाव से पहले जमीनी स्तर की तैयारियों के मद्देनजर एक महीने तक राज्यव्यापी पदयात्रा करेगी। गोवा के मुख्यमंत्री डॉ प्रमोद सावंत ने शनिवार को कासरगोड में पदयात्रा को हरी झंडी दिखाई। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष के. सुरेंद्रन पदयात्रा का नेतृत्व करेंगे। पदयात्रा के दौरान पार्टी के वरिष्ठ नेता धार्मिक व सामाजिक नेताओं व सांस्कृतिक हस्तियों से मुलाकात करेंगे। केंद्र की मोदी सरकार की योजनाओं से जनता को रूबरू कराया जाएगा। यह पदयात्रा प्रत्येक लोकसभा क्षेत्र से होकर गुजरेगी।



गोवा के मुख्यमंत्री डॉ प्रमोद सावंत पदयात्रा में शामिल होने के लिए शनिवार को केरल पहुंचे। पदयात्रा से पहले उन्होंने अनंतपुरा में विश्व प्रसिद्ध अनंतपद्मनाभ स्वामी मंदिर में पूजा अर्चना की। सावंत ने कासरगोड में आयोजित 'स्नेह संघम' में स्थानीय निवासियों से बातचीत की। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अंत्योदय के संकल्प के साथ, सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के विजन के बारे में विस्तार से बताया।

27 फ रवरी तक चलने वाली पदयात्रा के दौरान मोदी की गारंटी से जन-जन को रूबरू कराने के साथ ही, केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों से संवाद भी किया जाएगा। पदयात्रा के दौरान प्रत्येक बैठक में लोगों को शामिल होने और केंद्र सरकार की विभिन्न विकास पहलों और योजनाओं का लाभ उठाने के लिए प्रेरित करने हेतु विशेष सहायता डेस्क की व्यवस्था की जाएगी। प्रत्येक लोकसभा क्षेत्र में दो दिनों तक चलने वाली पदयात्रा का मकसद अधिक से अधिक लोगों को भाजपा की विकास परक योजनाओं के बारे में बताना है। इस पदयात्रा में 25 हजार से अधिक लोग शामिल होंगे। पदयात्रा के दौरान प्रत्येक लोकसभा में 1000 नए सदस्य बनाए जाएंगे।

## ISIS आतंकी संगठन ने इस्तांबुल में गिरजाघर पर हमले की ली जिम्मेदारी

एजेंसी। आतंकवादी संगठन इस्लामिक स्टेट ने यहां एक रोमन कैथलिक गिरजाघर में रविवार को प्रार्थना सभा के दौरान हुए हमले की जिम्मेदारी ली। इस हमले में एक व्यक्ति की जान चली गयी थी। इस्लामिक स्टेट ने रविवार देर शाम एक बयान जारी कर कहा कि उसने रविवार को इस्तांबुल के बुयुकडेरे में सैंटा मारिया गिरजाघर के अंदर 'ईसाई विधर्मियों पर उनके बहुदेववादी कार्यक्रम के दौरान हमला किया।' गृहमंत्री अली येरलिकाया ने रविवार देर रात कहा कि इस हमले के सिलसिले में इस्लामिक स्टेट के दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है जिनमें एक ताजिकिस्तान और दूसरा रूस का रहने वाला है। जिम्मेदारी संबंधी



इस्लामिक स्टेट का यह बयान उसकी मीडिया शाखा 'अमाक' ने प्रकाशित किया है और इस बयान के साथ हाथ में बंदूक लिये दो नकाबपोश लोगों की तस्वीर भी छापी गयी है। इस्लामिक स्टेट ने उन्हें हमलावर बताया है। इस्लामिक स्टेट ने कहा कि इस हमले में एक व्यक्ति मारा गया जबकि एक अन्य घायल हो गया। हालांकि तुर्किये के अधिकारियों का कहना है कि एक व्यक्ति की जान गयी और कोई अन्य घायल नहीं हुआ।

## सिमी गैरकानूनी संगठन गृह मंत्रालय ने 5 साल और बढ़ाया प्रतिबंध

एजेंसी।

**भारत सरकार ने सिमी पर बैन लगा दिया है. स्टूडेंट इस्लामिक मूवमेंट ऑफ इंडिया (सिमी) को पांच साल के लिए बैन कर दिया गया है. गृह मंत्रालय ने सिमी पर प्रतिबंध लगाने संबंधी आदेश जारी करते हुए कहा कि यह संगठन देश विरोधी गतिविधियों में शामिल रहते हुए आतंकी गतिविधियों के संचालन, अशांति फैलाने और सांप्रदायिक सौहार्द बिगाडने में लिप्त रहा है।**

सिमी पर 2019 में भारत सरकार ने गैर कानूनी गतिविधियां रोकथाम अधिनियम 2019 यानी यूएपीए के तहत प्रतिबंधित किया था. यह प्रतिबंध 5 साल के लिए लगाया गया था. इसे एक बार फिर 2024 में पांच साल के लिए बढ़ा दिया गया है. 2019 में लगा प्रतिबंध फरवरी में खत्म हो रहा था लेकिन इसके पहले ही गृह मंत्रालय ने नया आदेश जारी कर प्रतिबंध की अवधि को पांच साल और बढ़ा दिया है.

### आतंकवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति

कानूनी और सरकारी दस्तावेजों के मुताबिक सिमी का गठन 46 साल पहले हुआ था। अप्रैल, 1977 में बने इस संगठन की जड़ें उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ से जुड़ी हैं। अमेरिकी राज्य इलिनोय में रहने वाले प्रोफेसर मोहम्मद अहमदुल्लाह सिद्दीकी सिमी के संस्थापक बताए जाते हैं। भारत सरकार ने संगठन के कामकाज को गैरकानूनी और देश के लिए खतरनाक मानते हुए वर्ष 2001 में इस पर प्रतिबंध लगाने का फैसला लिया था। गृह मंत्रालय और कानून लागू करने वाली एजेंसियों की सख्ती के कारण SIMI से जुड़े सदस्य अंडरग्राउंड हैं। गतिविधियों पर प्रभावी तरीके से नकेल कसने में कामयाबी मिली है। शुरुआती दौर में इसे 'जमात-ए-इस्लामी' की छात्र इकाई समझा जाता था। हालांकि, 1981 में SIMI जमात से अलग हो गया। संगठन के मूल मकसदों में इस्लाम का प्रसार और देश में इस्लामिक कानून को प्रभावी बनाना है।




### गृह मंत्रालय ने एक्स पर दी जानकारी

गृह मंत्रालय ने ट्वीटर पर सिमी पर बैन संबंधी जानकारी दी है. गृह मंत्रालय के ऑफिस ने एक्स पर लिखा- आतंकवाद के खिलाफप्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जीरो टॉलरेंस के दृष्टिकोण को मजबूत करते हुए स्टूडेंट्स इस्लामिक मूवमेंट ऑफइंडिया (सिमी) को यूएपीए के तहत पांच साल की अगली अवधि के लिए गैरकानूनी संघ घोषित किया गया है. सिमी को भारत की संप्रभुता, सुरक्षा और अखंडता को खतरे में डालने के लिए आतंकवाद को बढ़ावा देने, शांति और सांप्रदायिक सद्भाव को बिगाडने में शामिल पाया गया है.

**दो दशक से अधिक समय से चल रहा है सिमी पर बैन** - सिमी पर पहली बार 2001 में प्रतिबंध लगाया गया था. इसके बाद से उस पर बैन को लगातार बढ़ाया जा रहा है. एक बार फिर पांच साल के लिए उस पर प्रतिबंध को बढ़ा दिया गया है. हालांकि, अगस्त 2008 में एक स्पेशल ट्रिब्यूनल द्वारा प्रतिबंध हटा दिया गया था, लेकिन तत्कालीन सीजेआई केजी बालाकृष्णन ने इसे बहाल कर दिया गया था. तत्कालीन सीजेआई ने 6 अगस्त 2008 को नेशनल सिक्योरिटी के आधार इसे प्रतिबंधित कर दिया गया।

## सार-समाचार

### भारत जोड़ो न्याय यात्रा के लिए कांग्रेस समितियों का गठन

रायपुर। लोकसभा चुनाव नजदीक है, ऐसे में छत्तीसगढ़ में कांग्रेस तैयारियों में जुट गई है. वहीं कांग्रेस नेता राहुल गांधी की 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' मणिपुर से मुंबई तक निकलेगी. ये भारत जोड़ो न्याय यात्रा छत्तीसगढ़ से भी होकर गुजरेगी. वहीं छत्तीसगढ़ में भारत जोड़ो न्याय यात्रा के सफ्ल आयोजन एवं संचालन के लिए कांग्रेस ने प्रदेश स्तरीय विभिन्न समितियों का गठन करते हुए समिति में चेयरमेन की नयुक्ति की हैं. साथ ही, प्रदेश में यात्रा के प्रवेशद्वार से यात्रा मार्ग रायगढ़ से खरसिया, खरसिया से कोरबा, कोरबा-कटघोरा से तारा, तारा-उदयपुर से अंबिकापुर, राजपुर, बलरामपुर, रामानुजगंज यात्रा मार्ग समिति का गठन करते हुए प्रभारी एवं सदस्यों की भी नियुक्ति की गयी है. प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने प्रदेश स्तरीय गठित समिति और यात्रा मार्ग समिति में शामिल सदस्यों की सूची भी जारी कर दी है।

### कार्रवाई के लिए भूपेश बघेल ने ही ईडी को लिखा था पत्र

दुर्ग। कोयला और शराब घोटाले को लेकर ईडी ने जो 106 लोगों के खिलाफ एफ्आईआर दर्ज की है, उसे लेकर दुर्ग सांसद विजय बघेल ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल पर बड़ा आरोप लगाते सनसनीखेज दावा किया है। सांसद ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री ने ईडी को एक पत्र लिखा था, उसके बाद ही ये कार्रवाई की गई है।

सांसद विजय बघेल ने शनिवार को मीडिया से पूछे एक सवाल के जवाब में ये बात कही। उन्होंने कहा कि वो इस बात को लेकर पुख्ता तो नहीं हैं, लेकिन उन्हें ये बात पता चली है। उन्होंने कहा कि ईओडब्ल्यू के पास पहले से इसकी शिकायत थी। विजय बघेल ने कहा कि मुझे पता चला है कि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने ही ईडी को चिट्ठी लिखी थी, उसी के बाद इतनी बड़ी कार्रवाई हुई है। हालांकि उन्होंने ये भी कहा कि कार्रवाई प्रवर्तन निदेशालय का अपना मामला है। कानून अपना काम करता है। कानून के काम में हस्तक्षेप करने की हमें कोई जरूरत नहीं है।

### फर्जी आईएएस पकड़ाया

रायपुर । राजधानी रायपुर में बागेश्वर धाम के पंडित धीरेंद्र शास्त्री के कार्यक्रम में एक फर्जी आईएएस गिरफ्तार किया गया है। आरोपी खुद को ट्रेनी आईएएस मंजूनाथ आर बता रहा था। मंच पर चढ़कर धीरेंद्र शास्त्री के पास पहुंचने की आईएएस कोशिश कर रहा था। रोकने पर सुरक्षाकर्मियों से उसकी जमकर बहसबाजी की। गुढियारी पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया। जानकारी के मुताबिक गुढियारी में चले रहे बागेश्वरधाम धीरेंद्र शास्त्री महाराज के कार्यक्रम में एक युवक फर्जी प्रशिक्षु आईएएस बनकर पहुंच गया। इसके बाद सेवादार बनकर मंच में जाने लगा। इस दौरान सुरक्षाकर्मियों के साथ उसका विवाद हो गया। इसके बाद उसके फर्जी आईएएस होने का खुलासा हुआ। आयोजकों की शिकायत पर पुलिस ने उसके खिलाफ अपराध दर्ज कर लिया है। पुलिस के मुताबिक कोटा मैदान में कार्यक्रम का आयोजन चल रहा था।

23 जनवरी को दोपहर करीब 2 बजे मंजूनाथ आर नाम का एक युवक पहुंचा। उसने आयोजनकर्ताओं को खुद को ट्रेनी आईएएस बताया। साथ ही कार्यक्रम में

## आयुर्वेद एलुमनी मीट 'स्वर्ण कुंभ' का शुभारंभ

# रायपुर में खुलेगा छत्तीसगढ़ का पहला आयुर्वेद विश्वविद्यालय



**रायपुर**

प्रदेश का पहला आयुर्वेद विश्वविद्यालय राजधानी रायपुर में खुलेगा। राज्य के शिक्षा मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने शनिवार को नारायण प्रसाद अवस्थी शासकीय आयुर्वेद महाविद्यालय में 2 दिवसीय आयुर्वेद एलुमनी मीट ''स्वर्ण कुंभ'' का शुभारंभ करते हुए यह घोषणा की। इस मौके पर उन्होंने कॉलेज से पढ़कर निकले और देश-विदेश में सेवाएं दे रहे, ऐसे पुराने डॉक्टर्स को सम्मानित भी किया।

शिक्षा मंत्री अग्रवाल ने कहा कि आयुर्वेद हमारे जीवन पद्धति का एक अंग है। हमारे घरों का रसोईघर अपने आप में एक आयुर्वेदिक औषधि केंद्र है। एक जानकर व्यक्ति इनका सही प्रयोग करके निरोगी काया पा सकता है। उन्होंने कहा कि, आयुर्वेद आदिकाल से है। जब लंका में लक्ष्मण जी मूर्छित हुए थे तब भी वैद्यराज सुषेण ने आयुर्वेद के जरिए उनकी जान बचाई थी उस वक्त एलोपैथ का नामोनिशान नहीं था। लेकिन अंग्रेजों के समय से भारतीय चिकित्सा प्रणाली को हाशिए पर ला दिया गया था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक बार फ्रि आयुर्वेद और आयुष को बढ़ावा दिया जिसके बाद आज पूरी दुनिया में आयुर्वेद को अलग पहचान मिली।



कोरोना काल में आयुर्वेदिक काढ़े और दवाईयों ने लाखों लोगों की जान बचाई। लोगों में आयुर्वेद के प्रति

### स्कूली पाठ्यक्रम में शमिल होंगे योग और प्राणायाम

प्रदेश के शिक्षा मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने कहा है कि आगामी शिक्षण सत्र से विद्यार्थियों के बहुमुखी विकास के लिए प्रदेश के स्कूलों में योग, प्राणायाम, खेल के साथ-साथ मौलिक शिक्षा को पाठ्यक्रम में शामिल किया जाएगा।

शिक्षा मंत्री अग्रवाल राजधानी रायपुर के भास्कर पब्लिक स्कूल, चंगोरा भाठा और जागृति उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भांठागांव के वार्षिक उत्सव कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए।

# विद्युत कर्मी चेयरमेन के हाथो पुरस्कृत

## पावर कंपनीज में वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह

**रायपुर**

छत्तीसगढ़ स्टेट पावर कंपनीज ने 210 मेगावॉट हसदेव ताप विद्युत गृह कोरबा पश्चिम की 210 मेगावाट ईकाई 02 को इस वर्ष का सर्वश्रेष्ठ ताप विद्युत गृह का पुरस्कार प्रदान किया। चेयरमेन श्री पी.दयानंद (आई.ए.एस.) ने इस यूनिट को तीन लाख रूपए का पारितोषिक व प्रमाण पत्र प्रदान किया। उन्होंने राज्य स्तर पर छह कर्मियों और केंद्रीय कार्यालय स्तर पर सात कर्मियों को उत्कृष्ट पदक देकर सम्मानित किया गया। स्पेशल एक्सीलेंस अचीवमेंट अवार्ड कार्यपालक निदेशक श्री ए.के.पाण्डेय को प्रदान किया गया तथा कैशलेस स्वास्थ्य योजना के प्रभावी क्रियान्यवन के लिए अतिरिक्त मुख्य अभियंता (मानव संसाधन) के पद पर कार्यरत श्री विनोद अग्रवाल सहित उनकी टीम के कोर 5 सदस्यों को सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार डंगनिया स्थित मुख्यालय में आयोजित वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह में प्रदान किया गया। इस अवसर पर प्रबंध निदेशक श्री मनोज खरे, श्री एस.के.कटियार तथा कार्यपालक निदेशक व मुख्य अभियंतागण विशेष रूप से उपस्थित थे। पुरस्कृतजनों की उपलब्धियों को मुख्य अभियंता (मानव संसाधन) श्री अशोक कुमार वर्मा ने प्रस्तुत किया। सर्वश्रेष्ठ विद्युत गृह का पुरस्कार 40 वर्ष पुराने 210 मेगावॉट हसदेव ताप विद्युत गृह के यूनिट -02 को दिया गया जिसने विद्युत नियामक आयोग द्वारा निर्धारित सभी नार्मेटिव पैरामीटर के लक्ष्य को प्राप्त किया है तथा साथ ही इस पावर प्लांट ने हीट रेट में कम विचलन एवं विशिष्ट तेल खपत में अपेक्षाकृत अधिक सुधार करने का उल्लेखनीय कार्य किया। इसके अलावा बेस्ट परफ्मेंस के लिए पांच संभागों को 50-50 हजार रूपए का पुरस्कार प्रदान किया गया, जिसमें इस वर्ष न्यूनतम ट्रांसफ्मर फेलुअर का पुरस्कार डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के कार्यपालन अभियंता(संचारण एवं संधारण) संभाग बिलासपुर को दिया गया। सर्वोत्तम राजस्व प्रबंधन का पुरस्कार कार्यपालन अभियंता (संचारण एवं संधारण) संभाग बलौदाबाजार को प्रदान किया गया।



# गांव के जीरो शहर मा हीरो 9 फरवरी को होगी रिलीज




**रायपुर**

मनोज ले आउट के संचालक व फिल्म के निर्माता व हीरो मनोज राजपूत ने अपने ही जीवन पर आधारित फिल्म गांव के जीरो शहर मा हिरो जो बखूबी उन पर जचता है। इस फिल्म के जरिए वे गांव व शहर के लोगों को एक संदेश भी देना चाहते है। सुंदरानी यूट्यूब चैनल पर फिल्म का एक गाना ए मन सुरबईहा रविवार को रिलीज हुआ फिल्म के निर्माता व हीरो मनोज राजपूत ने बताया कि चूंकि उनका पूरा बचपन गांव में बीता है। जवानी के दिनों में रोजगार हेतु शहर को चुना संघर्ष किया और शहर में आकर जिंदगी बदल गई !फिल्म की कहानी को छालीवुड के जाने माने निर्देशक उत्तम तिवारी को सुनाया तो वे न नहीं कर सकें और उन्होंने तुरंत ही हाँ बोल दिया और फिल्म का नाम रख दिया गांव के जीरो शहर मा हिरो मनोज राजपूत के जीवन पर बनी है फिल्म की शूटिंग दुर्ग, भिलाई के अलावा छत्तीसगढ़ के कुछ स्थानों के साथ ही गोवा, कोलकाता व हैदराबाद के रामोजी स्टूडियों में हुई है।उन्होंने बताया कि छग में पहली बार सबसे उत्तम किस्म के कैमरे फैन्टम का इस्तेमाल किया गया है। वहीं फिल्म में बॉलीवुड एक्टर भगवान तिवारी के साथ छॉलीवुड के कलाकारों का जलवा देखने को मिलेगा। फिल्म की हीरोईन नेहा शुक्ला है वहीं मनोज राजपूत के पिता की भूमिका अर्जुन परमार ने निभाया है जो फिल्म के सहायक निर्देशक भी है। इसके साथ ही इशिका यादव, धर्मेन्द्र यादव, प्रदीप शर्मा, पप्पू चन्द्राकर, संजीव मुखर्जी, विक्की वीरा सहित छॉलीवुड के कलाकारों ने अभिनय किया है। संगीत सुनील सोनी ने दिया है तो पटकथा,व कुछ गीत उत्तम तिवारी ने लिखे है। गायक सुनील सोनी, अनुपमा मिश्रा, नृत्य निर्देशक- विलास राउत द्वारा इस गाने की जुगलबंदी की गई है। फिल्म के एक्जिक्यूटिव प्रोडयूसर विक्रम राजपूत व वितरक तरूण सोनी है। फिल्म के गानों को सुंदरानी यूट्यूब चैनल पर देखे जा सकते हैं और एक गाना ए मन सुरबईहा रविवार की सुबह 7 बजे रिलीज हुआ जिसे लोग खुब पसंद भी कर रहे है। छत्तीसगढी फिल्म गांव के जीरो शहर मा हिरो 9 फरवरी को छत्तीसगढ़ के सिनेमा घरों में एक साथ प्रर्दिशत होगी।

# प.धीरेन्द्र शास्त्री ने हिन्दुओं की कराई घर वापसी





**रायपुर**

पूरी दुनिया में इस समय सनातन का भगवा ध्वज लहरा रहा है। देश-विदेश में लोग सनातन धर्म अपनाकर घर वापसी कर रहे हैं। छत्तीसगढ़ के रायपुर में बागेश्वर बाबा पंडित धीरेंद्र कुमार शास्त्री के कथा कार्यक्रम में एक हजार लोगों ने हिंदू धर्म में घर वापसी की है। भाजपा नेता प्रबल प्रताप जूदेव की अगुवाई में यह कार्यक्रम हो रहा है। जिसमें यज्ञ कर 251 घर के एक हजार लोगों को आज हिंदू धर्म में वापसी की प्रतिज्ञा दिलायी गयी।

पैर धोकर प्रबल प्रताप जूदेव ने सभी को घर वापसी कराई। ये वे परिवार हैं, जो अलग-अलग कारणों से सनातन धर्म छोड़कर दूसरे पंथ में चले गये थे, अब वो फ्रि से हिंदू धर्म में वापसी कर रहे हैं। कार्यक्रम में भाजपा नेता व मतांतरित लोगों की घर वापसी के अभियान में लगे प्रबल प्रताप सिंह जूदेव भी मौजूद रहे। प्रबल भाजपा के कद्दावर नेता रहे दिलीप सिंह जूदेव के पुत्र हैं। प्रबल प्रताप मतांतरित लोगों की घर वापसी के लिए लंबे समय से काम कर रहे हैं। इससे पहले रायपुर में पं. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने मीडिया से चर्चा के दौरान मतांतरण को लेकर बड़ा बयान दिया था। पं. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने कहा था कि जिन लोगों ने बहकावे में आकर अपना धर्म छोड़ दिया है, यदि वे पुनः घर वापसी करना चाहते हैं, तो समाज के लोग उन्हें स्वीकार करें, हृदय से अपनाएं। केवल घर वापसी कराना ही उद्देश्य नहीं होना चाहिए। घर वापसी के बाद उन लोगों को सनातन धर्म की शिक्षा दें। देश को जाति-पांति में न बांटे, प्रत्येक हिंदू अपने को सिर्फसनातनी कहें। सनातन धर्म की रक्षा के लिए देश के सभी मंदिरों के पुजारी मंगलवार, शनिवार को बच्चों, युवाओं को धर्म के प्रति जागरूक करते हुए सनातन धर्म की शिक्षा प्रदान करें। भारत को हिंदू राष्ट्र बनाने के लिए अपनी अंतरात्मा को जगाएं। सनातन धर्म से प्रभावित होकर लोग घर वापसी कर रहे हैं। वे लोग जो कभी सनातन धर्म को किसी कारण से छोड़कर किसी दूसरे पंथ में चले गए थे, वो भी अगर सनातन धर्म में घर वापसी कर रहे हैं।

मध्य प्रदेश के अलिराजपुर में अय्यूब उर्फपीरू भाई ने पत्नी, बच्चों समेत घर वापसी की थी। घर वापसी के लिए उन्होंने 22 जनवरी की तारीख चुनी। इसी दिन भव्य मंदिर में भगवान राम की प्राण प्रतिष्ठा भी हुई थी।

# रावतपुर सरकार विश्वविद्यालय में आरोहण-2024 शानदार आगाज

**रायपुर।** श्री रावतपुरा सरकार विश्वविद्यालय में सात दिवसीय राज्य स्तरीय खेल एवं सांस्कृतिक महोत्सव आरोहण का शुभारंभ आज सुबह 11 बजे से होने जा रहा है। इस महोत्सव में राज्य के 250 विभिन्न संस्थानों के 1800 प्रतिभागी प्रतिस्पर्धा करते नज़र आएंगे। उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री बृजमोहन अग्रवाल एन.सी.सी कैडेट की आगवानी में मंचारूढ़ होंगे, विदित हो कि मुख्य अतिथि महोदय स्वयं खेल प्रेमी युवामन हैं और आपकी उपस्थिति प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करेगी। उद्घाटन समारोह का प्रारंभ भारतीय संस्कृतिक परम्परानुरूप दीप प्रज्जवलन एवं राज्य गीत गायन के साथ-साथ आरोहण मशाल ज्योति प्रज्जवलन से होगा। तत्पश्चात मुख्य अतिथि महोदय की घोषणा के साथ आरोहण का आगाज होगा और युवा कलाकारों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दी जायेंगी। आरोहण में 21 खेल प्रतियोगितायें (कबड्डी, क्रिकेट, फुटबॉल, वालीबॉल, बास्केटबॉल, बैडमिंटन, टेबल टेनिस, खो-खो, आर्चरी, कैरम, शतरंज, यौग, लांग व हाई जंप, शार्ट, मिडिल व लांग डिस्टेंस रेस, रिले व हर्डल रेस, जेवलिन थ्रो एवं शॉट पुट) एवं सांस्कृतिक प्रतिस्पर्धाओं में तात्कालिक भाषण स्पर्धा, गायन एवं वादन स्पर्धा, एकल एवं ग्रुप डांस स्पर्धा, सोलो और ग्रुप प्ले (नाट्य) स्पर्धा, फइन आर्ट के तहत रंगोली, पेंटिंग और कोलाज़ का आयोजन किया गया है।

आरोहण
खेल एवं सास्कृतिक उत्सव

# बाहर से पानी लाकर निस्तारी के लिए एकलव्य के छात्र मजबूर




**महासमुद**

महासमुंद जिले के एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय भोरिंग का भवन 23 जून 2022 को हैण्ड ओवर किया गया और एक साल से अधिक का समय बीतने को है इसके बावजूद भी आदिवासी विभाग आज तक पानी की समस्या का समाधान नही निकाल पाया जो विभाग के कार्य प्रणाली पर एक प्रश्नचिन्ह खड़ा कर रहा है ।

इसकी खामियाजा यहां के बच्चे पानी की भारी समस्या के रूप में भुगत रहे हैं। अभी गर्मी का मौसम शुरु ही नहीं हुआ और पानी की किल्लत के मामले सामने आने लगे है। ये बच्चे विद्यालय के चार दीवारी से बाहर जाकर नहर से पानी लाकर निस्तारी करने को मजबूर है। जहां सैकड़ों बच्चों का ज्यादातर समय पानी लाने में लग जाने से बच्चे पढाई नहीं कर पा रहे हैं और विद्यालय में अव्यवस्था का आलम है।

वहीं विद्यालय की प्राचार्या अपना ही राग अलाप रही है। दरअसल, महासमुंद जिला मुख्यालय से एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय करीब 20 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। जहां 210 आदिवासी बालिकाएं और 207 बालक कुल 417 बच्चे अध्यनरत है। इस विद्यालय में इन छात्र-छात्राओं का सर्वांगीण विकास के लिए पढ़ाई के साथ विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया जाता है, लेकिन यहां के छात्र ङ्क छात्राएं अनेक प्रकार की समस्यायों से इस परिसर में शुरुआती दौर से ही जुझ रहे हैं। जिसके कारण छात्र- छात्राओं की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। विद्यालय के शुरुआती दिन से आज तक यहां पीने के पानी की सबसे बड़ी समस्या बनी हुई है।

# 22 लाख सोने और चांदी की कार के साथ दो गिरफ्तार



**महासमुंद**

सिघोडा पुलिस ने सोने-चांदी के सिल्ली व आभूषण का परिवहन कर रहे एक कार से 22 लाख 31 हजार 280 रुपये का 23.790 किलो चांदी का सिल्ली व 81 ग्राम सोने का आभूषण जब्त किया है। दरअसल सिघोडा पुलिस रेहटीखोल चेक पोस्ट पर वाहन चेकिंग के दौरान उड़ीसा से आ रही ईकोस्पोर्ट कार क्रमांक ष्ट्र 04 स्र् 6711 को रोका। कार में दो व्यक्ति सवार थे ,जो सोनपुर उड़ीसा से रायपुर जा रहे थे। पुलिस ने जब इनके वाहन के चेकिंग कि तो कार से 23.790 किलो चांदी की सिल्ली व 81 ग्राम सोने के आभूषण मिला। जिसके बाद पुलिस ने दोनों व्यक्तियों से सोने- चांदी के वैध दस्तावेज मांगे तो दोनो के पास कोई वैध दस्तावेज नहीं थे । पुलिस ने सोने- चांदी को धारा 102 जा फौ के तहत जब्त कर आगे की जांच के लिए डीआरआई को सौंप दिया है। गौरतलब है कि पुलिस ने पिछले एक माह में सोने चांदी के परिवहन मामले में ये तीसरी कार्रवाई की है।

◆ सिघोडा बार्डर पर पुलिस की कार्रवाई

◆ उड़ीसा से रायपुर लाया जा रहा था सोना

## ऑल्टो कार में मिली 11 किलो चांदी



रायगढ़। ऑल्टो कार से 11 किलो चांदी के आभूषण बरामद किए गए है। थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक शनिप रात्रे को मुखबीर से सूचना मिली कि ओडिशा से एक व्यक्ति ऑल्टो कार से बिना पक्के बिल के चांदी के आभूषण अवैध तरीके से खपाने रायगढ़ लेकर आ रहा है। सूचना पर थाना प्रभारी द्वारा तत्काल थाने से प्रधान आरक्षक जगदीश नायक के हमराह स्टाफ को संदिग्ध ऑल्टो कार पर कार्रवाई के लिए रवाना किया गया। कोतवाली पुलिस की टीम द्वारा रात्रि पेट्रोलिंग दौरान पुराना शनि मंदिर ओवर ब्रिज के पास संदिग्ध ओड़िशा पासिंग ऑल्टो कार ह्रक्र 17 छ्व 9876 को रोक कर चेक किया गया जिसमें भारी मात्रा में चांदी के नए आभूषण- चांदी का चूड़ा, अंगूठी, पायल, ब्रेसलेट, सिंदूर डिब्बी रखे हुए थे । कोतवाली पुलिस टीम द्वारा वाहन में मौजूद व्यक्ति से पूछताछ करने पर अपना जुगल प्रधान निवासी बरगढ़ उड़ीसा का रहने वाला बताया जिससे वाहन में रखे चांदी के नए आभूषणों के कागजात पेश करने नोटिस दिया गया। जुगल प्रधान चांदी के आभूषणों का कोई रसीद नहीं होना बताया । थाना प्रभारी कोतवाली के निर्देशन पर अनावेदक जुगल प्रधान पिता स्वर्गीय गणेश प्रधान उम्र 44 साल निवासी वार्ड नंबर 03 हाटपदा थाना व जिला बरगढ़ (उड़ीसा) को वाहन एवं चांदी के आभूषण समेत थाना लाया गया। अनावेदक से संदिग्ध चांदी के आभूषण कुल वजन 11 किलो कीमत करीब 6 लाख रुपए का धारा 102 ष्टह्रक्क के तहत कार्रवाई कर जप्त किया गया।

# नशाबंदी होना चाहिए: पूर्व गृहमंत्री ननकीराम



**रायपुर**

प्रदेश में शराबबंदी को लेकर भाजपा और कांग्रेस ने एक-दूसरे को जमकर घेरने का काम किया है। यहां तक की कांग्रेस ने शराबंदी करने का ऐलान भी किया था, लेकिन अपना वादा नहीं निभा पाई. अब एक बार फ्रि शराबबंदी की मांग उठ रही है. ये मांग कोई और नहीं पूर्व गृहमंत्री ननकीराम कवर ने मुख्यमंत्री साय से की है। पूर्व गृहमंत्री ननकीराम कवर ने कहा, आदिवासी समाज के लिए नशाबंदी करना चाहिए. सरकार नहीं मानी तो मैं अकेला तो नहीं कर सकता. 5 कक्षा से दारू छोड़ा हूं. कुछ लोग हैं जो शराबबंदी के पक्ष में होंगे. सर्व सम्मति से नहीं तो सभी के सहमति से होना चाहिए. अगर ये समाज नशाबंदी कर दे तो इस आदिवासी समाज को कोई पीछे नहीं धकेलेगा। आगे उन्होंने सीएम साय से निवेदन करते हुए कहा, हमारे मुखिया को आदिवासियों के लिए नशाबंदी करना चाहिए. जनजातियों के लिए करना चाहिए. पूर्व सीएम ने नशाबंदी का ऐलान किया था. हम नहीं कर सकते थे।

कांग्रेस दारू बेचती थी, अभी पेपर में भी आया है कि कितने लोग जेल जा रहे हैं।

# आदिवासी समाज के बेटे को मुख्यमंत्री का दायित्व मिलना पूरे कंवर समाज का सम्मान : मुख्यमंत्री

रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा है कि आदिवासी समाज के बेटे को छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री का दायित्व मिलना पूरे कंवर समाज का सम्मान है। उन्होंने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कंवर समाज के एक छोटे से कार्यकर्ता को छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री का दायित्व सौंपा है। मैं कंवर समाज की ओर से प्रधानमंत्री को धन्यवाद देता हूं। यह दायित्व मिलना कंवर समाज के साथ-साथ पूरे आदिवासी समाज का सम्मान है। मुख्यमंत्री साय आज राजधानी रायपुर के इंडोर स्टेडियम में आयोजित सम्मान समारोह को सम्बोधित कर रहे थे। इस मौके पर कंवर समाज द्वारा मुख्यमंत्री साय को ''कंवर गौरव'' सम्मान दिया गया। मुख्यमंत्री साय ने टाटीबंध में कंवर समाज के भवन के विस्तार के लिए 50 लाख रूपए की राशि देने की घोषणा की। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि मेरे लिए आज बड़ी खुशी का दिन है। कंवर समाज ने मुझे कंवर गौरव से सम्मानित किया है, इसके लिए मैं पूरे



समाज का बहुत आभारी रहूंगा। उन्होंने कहा कि मैं यहां आप सभी से आशीर्वाद और सहयोग मांगने आया हूं क्योंकि हमारे प्रधानमंत्री और प्रदेश की जनता ने मुझ पर जो विश्वास किया है इसे निभाने के लिए आप सभी का सहयोग और समर्थन चाहिए ताकि मैं इस पद की गरिमा, विश्वास और उम्मीद पर खरा उतर सकूं। उन्होंने कहा जिस तरह समाज ने मेरा सम्मान किया है उससे मुझे विश्वास हो गया है कि इस पद का दायित्व निभाने में मुझे आप सभी का पूरा सहयोग मिलेगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आदिवासी समाज में अनेक विभूतियां हुई हैं, जिन्होंने पूरे समाज को एक नई दिशा दी। उन्होंने परम पूज्य गहिरा गुरू का स्मरण करते हुए कहा कि गहिरा गुरू ने रामायण की शिक्षा देकर समाज के लोगों को मांस और मदिरा से दूर किया। इसी का परिणाम है कि वनवासी समाज आर्थिक, शैक्षणिक, सामाजिक रूप से आगे बढ़ा। उन्होंने काका लरंग साय को नमन करते हुए कहा कि उनकी वजह से हमारा समाज राजनीति के क्षेत्र में आगे बढ़ा है। मध्य प्रदेश के पूर्व उपमुख्यमंत्री प्यारेलाल कंवर जी को याद करते हुए कहा कि उनका मार्गदर्शन और स्नेह उन्हें हमेशा मिला। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि सरकार को सिर्फ डेढ़ महीने हुए है लेकिन इस कम समय में ही मोदी की गारंटी को पूरा करने में हमारी सरकार ने अपना प्रयास शुरू कर दिया है। 13 दिसम्बर को हमारी सरकार ने शपथ ली और इसके दूसरे दिन ही 14 दिसम्बर को हमने कैबिनेट में निर्णय लिया कि प्रधानमंत्री आवास योजना से वंचित 18 लाख आवासहीन परिवारों का मकान बनाना है। 25 दिसम्बर सुशासन दिवस के अवसर पर प्रदेश के 12 लाख से ज्यादा किसानों को 3716 करोड़ रूपए की बकाया बोनस राशि उनके खातों में अंतरित कर दी है।मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ नहीं होने दिया जाएगा।

# झेरिया यादव समाज की बैठक का समापन



रायपुर लोकशक्ति।

छत्तीसगढ़ झेरिया यादव समाज की महत्वपूर्ण बैठक रखी गयी थी जिसमें झेरिया यादव समाज के ग्रामीण जिला अध्यक्ष रामलाल यादव की उपस्थिति में संपन्न हुई। बैठक को संबोधित करते हुये झेरिया यादव समाज के ग्रामीण जिला अध्यक्ष रामलाल यादव ने कहा कि 28 जनवरी को होने वाली झेरिया यादव समाज भवन का लोकार्पण, युवती-युवती परिचय सम्मेलन एवं आदर्श विवाह हम सब की भागीदारी होगी। समाज के सभी पदाधिकारी, सदस्य, महिला प्रकोष्ठ, युवा प्रकोष्ठ के सभी सदस्य इस सम्मेलन में शामिल होंगे।

बरौदा युवा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष संदीप यादव ने बताया कि आज महिला प्रकोष्ठ की प्रथम बैठक रखी गयी थी जिसमें बड़ी संख्या में शामिल हुई। महिलाओं में बहुत ही उत्साह है कि 28 जनवरी को होने वाले सम्मेलन में भाग लेने के लिये। वे बड़ी संख्या में इस सम्मेलन में भाग लेंगे। और समाज के एक-एक व्यक्ति इस सम्मेलन में भाग लेने को तैयार है। झेरिया यादव समाज एकजुट होकर इस बैठक में शामिल होंगे। बैठक में रायपुर ग्रामीण जिला संगठन मंत्री सेवाराम यादव, ग्रामीण जिला संगठन सचिव विनोद यादव, भोला यादव, पंचू यादव, भिखारी यादव, चिंता यादव, श्रवण यादव, गोपाल यादव, बरौदा युवा प्रकोष्ठ कोषाध्यक्ष गजानंद यादव, युवा प्रकोष्ठ सचिव राजेश यादव, उमाकांत यादव, अरूण यादव, विनोद यादव, कुलेश यादव, भाउ यादव, संदीप यादव, महेन्द्र यादव, बड़ी संख्या में महिला विंग से उपस्थित थे।

# श्री मेडिशाईन हॉस्पिटल में हुआ सफल किडनी ट्रांसप्लांट

रायपुर

**न्यू राजेन्द्र नगर स्थित श्री मेडिशाईन हॉस्पिटल ने एक और नया किर्तीमान हासिल किया है। अस्पताल में स्वास्थ्य विभाग से मान्यता मिलने के बाद किडनी ट्रांसप्लांट हुआ है। 23 वर्ष तुसार दास को उसकी मां देवकी दास ने किडनी दिया। तुसार दास पिछले 1.5 साल से डायलिसिस में था बेटे के तकलिफको देखते हुये उसके परिवार ने किडनी ट्रांसप्लांट कराने का निर्णय लिया। उसके पश्चात् डॉ करण सराफ (नेफ्रोलाजिस्ट एवं किडनी ट्रांसप्लांट विशेषज्ञ) से मिलें। डॉ करण ने किडनी ट्रांसप्लांट कराने की सलाह दिया।**



मरीज और डोनर की पूरी जांचे सही आने और अनुमति मिलने के बाद 16 जनवरी 2024 को सफ्ल किडनी ट्रांसप्लांट हुआ और उसके पश्चात् अभी मरीज एवं डोनर पूरी तरह से स्वस्थ्य है और छुट्टी कर दी गयी है और डॉ करण सराफके नियमित फ्लोअप में रहने की सलाह दी गयी है। इन डॉक्टरों की टीम ने ट्रांसप्लांट को बनाया सफ्ल डॉ करण सराफ( नेफ्रोलॉजीस्ट एवं किडनी ट्रांसप्लांट विशेषज्ञ), डॉ राहुल कपूर (यूरोलाजीस्ट),डॉ प्रसांत भागवत (यूरोलाजीस्ट), डॉ सुफ्ल कुमार (लेप्रोस्कोपीक सर्जन) डॉ सुप्रिती शर्मा(एनेथेसियोलाजिस्ट), डॉ असित नायक (एनेथेसियोलाजिस्ट), डॉ रवि गोयल (एनेथेसियोलाजिस्ट), डॉ सर्वजित (आर एम ओ), डॉ रजा खान (आर एम ओ), ट्रांसप्लांट कॉर्डिनेटर तमन्ना खान एवं समस्त नर्सिंग स्टाफ श्री मेडिशाईन हॉस्पिटल के डायरेक्टर एवं अस्थिरोग विशेषज्ञ डॉ सुशील शर्मा ने बताया कि श्री मेडिशाईन हॉस्पिटल में पूर्ण रूप से नेफ्रोलाजी विभाग संचालित है, जिसमें उच्च स्तरीय डायलिसिस, किडनी ट्रांसप्लांट युनिट एवं किडनी मरीज के भर्ती की पूरी सुविधा उपलब्ध हैं।डॉ करण सराफने बताया कि कोनिक किडनी डिसीस स्टेज 5 के मरीज जो डायलिसिस पे आ जाते है उनके लिये सबसे अच्छा ईलाज किडनी ट्रांसप्लांट ही है।

# एमएमआई नारायण हॉस्पिटल के कर्मचारी की बेटी ने जीता स्वर्ण पदक

## ◆ ओलंपिक में भारत का प्रतिनिधित्व करने की प्रतीक्षा

रायपुर

एमएमआई नारायणा हॉस्पिटल के मेंटेनेंस विभाग मे कार्यरत है,अजब सपाहा की 15 वर्षीय बेटी कविता सपाहा, ने अपने खेल उपलब्धियों के माध्यम से अपने परिवार और अस्पताल समुदाय को गर्वित किया है। कविता का खेल के प्रति प्रेम 8 वर्ष की आयु में ही शुरू हुआ, जब वह तीसरी कक्षा में थी । उस छोटी आयु में ही, वह एथलेटिक्स टूर्नामेंट्स में शामिल हो गई थी। अजब सपाहा ने कविता का हर तरह से समर्थन किया , उन्होंने प्रयोजन सुनिश्चित की, और कड़ी मेहनत के साथ उसके सपनों को पूरा करने मे हमेशा प्रोत्साहित



किया। हाल ही में कविता ने गोवा नेशनल गेम्स में गोल्ड मेडल प्राप्त किया और हरियाणा नेशनल गेम्स। में ब्रान्ज़ मेडल जीता। अब उसका लक्ष्य ओलंपिक में भारत को प्रस्तुत करना है। उसने अपनी जीतके लिए अपनी माँ, पिताजी, और कोच को आभार व्यक्त किया है, जो मेहनत, परिश्रम और कभी हार न मानने की वजह से मिली। कविता अपने पिता अजब, कोच, एमएमआई नारायणा हॉस्पिटल के फैसिलिटी डायरेक्टर तपानी घोष, किरोध कुमार दाश, और सम्पूर्ण हॉस्पिटल को आभार व्यक्त करती है। कविता ने कहा, मेरे पिताजी ने कई चुनौतियों का सामना किया, लेकिन कभी भी मेरी हौसला काम नहीं होने दिया। एमएमआई नारायणा हॉस्पिटल ने हमारे परिवार को बहुत समर्थन दिया है, और मुझे आगे बढ़ने मे सहायता की । अपनी बेटी की उम्मीदों और सपने पूरे करते हुए उन्हे बड़ा गर्व और खुशी महसूस होती है । कविता की उपलब्धियां दिखाती हैं कि समर्पण और समुदाय का समर्थन मिला तो कोई भी चुनौती को पार कर सकता है और अपने सपनों को हकीकत बना सकता है। नारायणा हेल्थ को कविता के कड़ी मेहनत और उनकी उपलब्धियों पर बहुत गर्व महसूस करते है। उसे उसके लक्ष्य की दिशा में बढ़ने मे उसका पूरा समर्थन करेंगे और उसके ओलंपिक में भारत का प्रतिष्ठान बढ़ाने के मार्ग में सहायता करेंगे।

# आईटीएम विश्वविद्यालय में 75 वां गणतंत्र दिवस मनाया गया



रायपुर




नवा रायपुर स्थित आईटीएम विश्वविद्यालय में 75वां गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। विवि के कुलपति प्रोफेसर डॉ. सुमेर सिंह ने ध्वजारोहण किया। इसके पश्चात् विद्यार्थियों, प्राध्यापकों और कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कुलपति डॉ. सिंह ने कहाकि विकसित भारत 2047 की परिकल्पना को पूरा करने के लिए हम सबको पूर्व राष्ट्रपति व महान वैज्ञानिक डॉ. ए. पी. जे. अब्दुल कलाम के दृष्टिकोण और उनके आदर्शों को आत्मसात करते हुए पूरी सच्चाई और कर्मठता के साथ अपना सर्वस्व देना होगा। सांस्कृतिक कार्यक्रम में छात्र छात्राओं ने देशभक्ति गीतों पर मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया। प्रबंधन विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. यासीन शेख़, प्राध्यापक डॉ. लोकनाथ देशमुख, मिन्हाज अहमद ने राष्ट्रप्रेम से ओतप्रोत गीत प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में कुलसचिव सौरभ चटर्जी, संयुक्त कुलसचिव विकास भोंसले, विभागाध्यक्ष और प्राध्यापक उपस्थित थे।संचालन मोहम्मद फैजल खान एवं आकांक्षा शर्मा ने किया।

# एनआईटी रायपुर मे हुआ 'मुद्रा' का आयोजन

राययपुर

राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान रायपुर के एफसीसी - द फाइनेंस एंड कंसल्टिंग क्लब ने 27 जनवरी 2024 को कार्यक्रम 'मुद्रा' का आयोजन किया। इस व्यापक कार्यक्रम में एक स्पीकर सत्र, एक बिजनेस क्विज, एक मॉक ट्रेडिंग प्रतियोगिता 'मनी हॉल' और केस कॉम्पिटिशन शामिल था। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता एबी क्लासेज के संस्थापक श्री अभिषेक गुप्ता थे। कार्यक्रम का आयोजन एफसीसी क्लब के प्रभारी डॉ.अनूप कुमार तिवारी के कुशल मार्गदर्शन में किया गया। वक्ता सत्र की शुरुआत अतिथि वक्ता के स्वागत के साथ हुई। श्री अभिषेक गुप्ता ने कॉलेज के दौरान प्रारंभिक तैयारी की आवश्यकता पर जोर देते हुए अभी से तैयारी शुरू करने के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने फाइनेंस, मार्केटिंग और कंसल्टिंग सहित विभिन्न एमबीए स्पेशलाइजेशन कोर्सेज के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने छात्रों को उनके व्यक्तिगत हितों के लिए प्रोत्साहित किया फिर चाहे वह फाइनेंस, मैनेजमेंट, मार्केटिंग, ऑपरेशंस, एचआर या अंतर्राष्ट्रीय संबंधों से संबंधित क्षेत्रों से ही क्यों न हो। उन्होंने कैट परीक्षा में सफलता के लिए आवश्यक विषयों पर विस्तार से चर्चा की। वक्ता सत्र के माध्यम से छात्रों ने डिसीजन मेकिंग प्रक्रिया और एक सफल एमबीए यात्रा को आकार देने में व्यक्तिगत रुचि और आत्मविश्वास की महत्वपूर्ण भूमिका के बारे में जाना। कार्यक्रम में 'केस-ओ-मेज़' नामक एक ऑनलाइन केस प्रतियोगिता भी आयोजित की गई थी, जिसमें प्रतिभागियों को व्यावसायिक परिदृश्य का विश्लेषण करने, महत्वपूर्ण मुद्दों को इंगित करने और उनके समाधान प्रस्तुत करने थे। इसके अलावा एक मॉक ट्रेडिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई।



जिसमें प्रतिभागियों को ट्रेड एक्जिक्यूट करने, और मार्केट डेटा का विश्लेषण करने की अनुमति दी गई। कार्यक्रम का समापन एक इंटरैक्टिव 'बिजनेस क्विज़' के साथ हुआ, जिसमें प्रतिभागियों के विभिन्न व्यावसायिक पहलुओं की परख की गई।

# महाआरती कर मिष्ठान प्रसादी का वितरण किया गया....



रायपुर

यह जानकारी संत कंवरराम नगर युवा परिषद के अध्यक्ष प्रेमप्रकाश मध्यानी व महासचिव अजय वलेचा ने सयुक्त रूप से दी 22 जनवरी को अयोध्या में प्रभु श्री रामलला की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा के शुभ अवसर पर संत कँवरराम नगर (कटोरा तालाब )स्तिथ संत कँवरराम चौक के पास वलेचा सदन पर शाम 5 बजे प्रभु श्री राम जी के चित्र पर माल्यार्पण कर आरती की गई व मिष्ठान प्रसादी का वितरण किया गया। इस अवसर पर सैकड़ों भक्तों ने मिष्ठान प्रसाद ग्रहण कर प्रभु श्री राम जी के ध्वज लहराकर जयकारे लगाए व इस शुभ अवसर पर उपस्तिथ होकर प्रभु श्री राम के समक्ष अपनी हाजिरी लगाई । इस अवसर पर संत कंवरराम नगर युवा परिषद के अध्यक्ष प्रेमप्रकाश मध्यानी,महासचिव अजय वलेचा,कमल लखानी, जस्सू राहुजा, जय बजाज,भावेश वलेचा,लवीन वलेचा, संजय मोटवानी, पार्थ वलेचा,सुनील फ्गवानी, कपिल आचार्य, किशन मनुजा,मनोहर सोनी, वरुण वलेचा, कविता वलेचा,चाहत वलेचा, शकुंतला लखवानी,साहना आलिमचंदानी,सुनीता सचदेव, नेहा सचदेव,सरोज सोनी,पाखी वलेचा, सानवी वलेचा,गंगा वलेचा,दुर्गा वलेचा,सहित कई सेवादारियों ने सेवा कर प्रसाद वितरण कर अपना भाग्य बनाया।

# युवा उद्यमिता के लिए आवश्यक है स्वदेशी मेला: विजय शर्मा

रायपुर

भारतवर्ष विश्व में सर्वाधिक युवाओं की आबादी वाला देश है। युवाओं को उद्यमशीलता से जोड़कर उनकी प्रतिभा व क्षमता को राष्ट्रीय विकास के स्तर को शिखर पर स्थापित किया जा सकता है। यह बातें उप मुख्यमंत्री छ.ग.शासन विजय शर्मा ने स्वदेशी मेला के मुख्य अतिथि की आसंदी से कहा। उन्होंने कहा कि आज सुरक्षा उपकरणों में तकनीकी दक्षता, चिकित्सा, अनुसंधान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में भारत ने अविस्मरणीय प्रगति की है। आज छत्तीसगढ़ नक्सली गतिविधियों के लिए बल्कि सभ्यता, संस्कृति की धरोहर और विशिष्ट कला के लिए पहचाना जाता है। छत्तीसगढ़ बहुत तेजी से भारत के नक्शे पर अपनी प्रगति के बल पर उभरा है। स्वदेशी मेला में संध्याकालीन समारोह के विशिष्ट अतिथि विधायक पुरंदर मिश्रा ने कहा कि स्थानीय संस्थानों के माध्यम से नवीन प्रशिक्षण प्राप्त करके स्टार्ट अप कंपनियों के माध्यम से उद्यमिता को नया स्थान मिला है। इस मौके पर विशिष्ट अतिथि पूर्व संगठन महामंत्री भाजपा रामप्रताप सिंह ने कहा कि स्थानीय मंच का प्रतीक स्वदेशी मेला लोकजीवन से जुड़ी कई अनूठी औषधियों, वन उत्पादों, मिलेट्स आदि के जरिए उनको मुख्य धारा से जोड़ने और उनके प्रचार-प्रसार में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

साइंस कॉलेज मैदान में आयोजित 7 दिवसीय मेला लोगों के आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। मेले में उमड़ती भीड़ लोककला संस्कृति से सजे कार्यक्रमों में बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं साथ ही मनोहारी प्रस्तुतियों का मुग्ध होकर देर रात तक लुत्फ उठाते रहे। संध्याकालीन सांस्कृतिक समारोह में रंग सरोवर मंच के भूपेंद्र साहु, पांडुका द्वारा लोकमाटी की खुशबू स्वरलहरियों की मधुर तरंगों के माध्यम से बिखेरी गई। भारत के विभिन्न राज्यों की सांस्कृतिक धरोहरों के उत्सव कार्यक्रम में केरल की संस्कृति अपने विशिष्ट परिधानों और भाषाई रंगों के संयोजन









के साथ अनोखी छटा बिखेर गया जो दर्शकों को खूब भाया। वहीं उत्तरप्रदेशि दिवस के मौके पर लोकगीतों के जरिए नृत्यों के थिरकती प्रस्तुति दी गई जिस पर दर्शकों ने तालियों की गड़गड़ाहट के साथ जमकर स्वागत किया, वहीं छत्तीसगढ़ की माटी में रची-बसी लोकसंस्कृति पर आधारित गीतों और नृत्यों की शानदार प्रस्तुति दी गई। जिसमें छत्तीसगढ़ की माटी की भीनी खुशबू बारहमासी संगीत की पेशकश तुषारनाग एवं समूह द्वारा दी गई। पारंपरिक वेशभूषा से सजे कलाकारों द्वारा कर्मा नृत्य की झूमती हुई पेशकश रूकमणि रामटेके और साथियों के द्वारा दी गई जिसका तालियों की गड़गड़ाहट के साथ दर्शकों ने भरपूर आनंद उठाया। भावना साहू एवं बालिकाओं द्वारा छत्तीसगढ़ी पारंपरिक नृत्य रेलिया वैरन द्वारा दी गई। उत्तरप्रदेश राज्य के पारंपरिक लोकगीतों पर राम सिया राम समूह द्वारा मंगल भवन गान की मधुर स्वर लहरिया बिखेरी गई। ददरिया गीत पर गुलाबी चुनर समूह द्वारा झूमती हुई शानदार पेशकश दी गई वहीं लाल सोनी द्वारा युगल नृत्य की रामस्तुति पर भक्तिमय प्रस्तुति दी गई। प्रदेशिक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रभारी शताब्दी पांडेय के संयोजन में दैनिक विविध कार्यक्रम तैयार किए जा रहे हैं। मंच संचालन अमरजीत सिंह छाबड़ा ने किया। स्वदेशी परंपरा के निर्वहन की कड़ी में स्वदेशी जागरण मंच एवं स्वावलंबी भारत अभियान छत्तीसगढ़ प्रांत रायपुर महानगर कार्यकारिणी की कार्यकर्ताओं के साथ परिचर्चा आयोजित की गई। जिसमें मुख्य वक्ता सतीश कुमार ने कहा कि हमारी जीवन शैली, हमारी सोच एव व्यववहार में संपूर्ण स्वदेशीपने की अनुभूति होगी तभी भारत विश्व में अग्रसर हो पाएगा। उन्होंने दैनिक जीवन में स्वदेशी वस्तुएं के उपयोग को बढ़ाने की बात कही। बैठक में केशव पटेल, जगदीश पटेल, शीला शर्मा, सुब्रत चाकी, डॉ.मंजरी बक्षी,सुमन मुथा, मावजी भाई पटेल, अनुराग पांडे आदि उपस्थित थे। समाज के विविध वर्गो के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं के आयोजन की कड़ी में रंगोली प्रतियोगिता आयोजित की गई। पारंपरिक एवं मुक्त हस्त रंगोली के चार वर्गों में 30 से अधिक प्रतिभागियों ने इंद्रधनुषी रंगों से धरा पर एक से बढ़कर एक मनोहारी दृश्यों को उकेरा। दोपहर में मिलेट्स पर आधारित व्यंजन प्रतियोगिता हुई। जिसमें मानसी कुशवाहा ग्रुप ए में प्रथम, महिमा यादव द्वितीय, नेहा साहू तृतीय रहीं,ग्रुप बी में प्रथम विदुषी, द्वितीय दूबी जायसवाल, तृतीय लोकिता मानिकपुरी, ग्रुप सी में प्रथम ज्योति निर्मलकर, द्वितीय आरती शुक्ला व तृतीय मोनिका शुक्ला रहीं, ग्रुप डी में प्रथम चेतन नायक, द्वितीय संतोष कुमार व तृतीय सुशील कुमार रहे। इस प्रतियोगिता के जज में सिद्धार्थ सोनी, स्मृति सोनी,शेखर क्षीरसागर, दिव्या जैन थी। इस प्रतियोगिता के आयोजक सुनीता जैन, मालती माहुले, ज्योति देवांगना उषा पवार, सीमा भगत, निशा संमदुलकर, अर्चना शुक्ला थीं। शुक्रवार को आयोजित मिलेट्स पर आधारित व्यंजन प्रतियोगा हुई जिसमें ओट्स केक, रागी गुड़ पापड़ी, ज्वार धामनी चिक्की,बाजरे की राब, बाजरा स्टफ कटलेट, कुटकी का रंगीन उपमा सहित एक से एक बढ़कर एक लज़ीज व्यंजनों को प्रदर्शित किया। 25 प्रतिभागियों ने मोटे खाद्य पदार्थों की स्वादिष्ट श्रृंखला प्रस्तुत की। इस प्रतियोगिता के निर्णायक डॉ. सरिता श्रीवास्तव, मोनिका मिश्रा और डॉ. प्रीति उपाध्याय थीं। इस प्रतियोगिता की आयोजक लक्ष्मी जिल्हरे, इंदिरा जैन, लता चैधरी, सरिता पटेल, कल्पना चाकी, अश्विन प्रभाकर, आकृति देवांगन पूजा रानी थीं। दो वर्गों में आयोजित मिलेट्स व्यंजन प्रतियोगिता में प्रथम वर्ग में प्रथम अदिति जैन, द्वितीय अर्पिता चावड़ा, तृतीय बबीता वर्मा रहीं। वहीं द्वितीय वर्ग में प्रथम विभा बावनकर, द्वितीय प्रतिभा जैन व तृतीय रोशनी सोनी रहीं। यह जानकारी मीडिया प्रभारी डॉ मंजुला जैन द्वारा दी गई।

## संपादकीय

### विपक्षी राजनीति में समस्या बनता लेफ्ट

विपक्षी गठबंधन इंडिया' में पहले माना जा रहा था कि सबसे ज्यादा समस्या ममता बनर्जी और अरविंद केजरीवाल की वजह से होगी। ममता बनर्जी समस्या पैदा कर रही हैं लेकिन केजरीवाल सीट बंटवारे से लेकर परदे के पीछे से सीटों की एडजस्टमेंट या दोस्ताना लड़ाई के लिए भी तैयार हैं। उनके साथ कांग्रेस की बहुत अच्छी वार्ता चल रही है और चंडीगढ़ के मेयर के चुनाव में दोनों पार्टियों ने तालमेल कर भी लिया है। विपक्षी गठबंधन में सबसे ज्यादा समस्या वामपंथी पार्टियों की ओर से पैदा की जा रही हैं। केरल छोड़ कर कहीं भी लेफ्ट पार्टियों का आधार नहीं बचा है लेकिन उनको हर जगह सीट चाहिए। लेफ्ट को ऐसे राज्यों में भी सीट चाहिए, जहां अपने अच्छे दिनों में भी वह कोई सीट नहीं जीतती थी। हो सकता है कि यह दबाव की राजनीति हो लेकिन इससे विपक्षी गठबंधन में कंफ्यूजन बन रहा है।लेफ्ट ने बंगाल में ममता के साथ गठबंधन से इनकार कर दिया है और केरल में वैसे भी सत्तारूढ़ गठबंधन यानी लेफ्ट मोर्चा और मुख्य विपक्षी यानी कांग्रेस मोर्चा में तालमेल ठीक नहीं होगा। सो, इन राज्यों में लेफ्ट गठबंधन से अलग है। बाकी राज्यों में उसके पास कोई राजनीतिक पूंजी नहीं है। फिर भी उसे हर जगह सीट चाहिए। सोचें, लेफ्ट पार्टियों ने हरियाणा में भी लोकसभा की सीट मांगी है। उन्हें राजस्थान में भी सीट चाहिए तो महाराष्ट्र में भी सीट चाहिए। लेफ्ट ने तेलंगाना में भी सीट मांगी है तो झारखंड में भी एक सीट की दावेदारी की है। बिहार में तो 10 सीटों की मांग करके लेफ्ट की पार्टियां कम से कम चार सीटों पर अड़ी हैं, जहां राजद और जदयू दो सीटें मुश्किल से निकाल पा रहे हैं। वैचारिक या सांगठनिक रूप से लेफ्ट किसी तरह का वैल्यू एडिशन विपक्षी गठबंधन में नहीं कर पा रहा है लेकिन सीट बंटवारे में उसकी वजह से बाधा आ रही है।



### जिंदगी जब बुलंदी से फिसल जाती है

जिंदगी जब बुलंदी से फिसल जाती है,
जिंदगी मौत के सांचे में ढल जाती है ।

चाहता हूँ सब को दुआयें दूँ लेकिन,
कभी दिल से आह निकल जाती है ।

अपनी माँ लगनें लगीं सबकी माँ मुझको,
दोस्ती बढ़ के रिश्तों में बदल जाती हैं ।

प्यार फूलों से मिजाजन बहुत लेकिन,
तबियत कभी काँटों से बहल जाती है ।

छोड़ नहीं सकता उम्मीदें जीवन मे,
जिंदगी लड़खड़ाती फिर सम्हल जाती है ।
- **संजीव ठाकुर**



# 'परीक्षा पे चर्चा' निराशा को अवसरों में बदलने की खिड़की



ललित गर्ग
लेखक, पत्रकार, स्तंभकार



**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 'परीक्षा पे चर्चा' के दौरान दिया उद्बोधन एवं गुरु मंत्र छात्रों के लिये ऐसा आलोक स्तंभ है जो भविष्य की अजानी राहों एवं परीक्षा के जटिल क्षणों में पांव रखते समय उस आलोक को साथ में रख लिया गया तो उनके मार्ग में कहीं भी अवरोध, तनाव एवं संकट नहीं आ सकेगा। क्योंकि मोदी के ये गुरुमंत्र उनकी समर्थता, सिद्धता, अनुभव एवं साधना से उपजे हैं जो छात्रों के साथ-साथ शिक्षकों और अभिभावकों के लिये भी रामबाण औषधि की तरह है। बोर्ड परीक्षाओं को लेकर छात्रों के अंदर डर और तनाव दोनों होता है, ऐसे में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बच्चों के भीतर से इस डर और तनाव को समाप्त करने के लिए हर साल 'परीक्षा पे चर्चा' कार्यक्रम करते हैं।**

इस वर्ष भारत मंडपम, आईटीपीओ, नई दिल्ली में हुए इस अनूठे एवं प्रेरक कार्यक्रम में जहां तकरीबन 4,000 छात्रों ने हिस्सा लिया, वहीं लगभग 2.26 करोड़ रजिस्ट्रेशन हुए थे, जो एक रिकार्ड है। यह परीक्षा पर चर्चा का 7वां संस्करण है, जिसमें छात्रों, अभिभावकों और शिक्षकों के साथ प्रधानमंत्री मोदी ने बातचीत करते हुए परीक्षाओं को तनाव का कारण न बनने देने की सीख दी। इस विलक्षण प्रयोग एवं उपक्रम में छात्रों ने अपनी जिज्ञासाओं के पंख खोले। वे परीक्षा से जुड़े अनेक संदेहों, शंकाओं एवं डर को लेकर यहां आये, लेकिन लौटते समय उन चेहरों पर संतोष की झलक थी। उन्होंने कुछ अद्भुत या मौलिक, समाधानकारी एवं प्रभावी पाया या नहीं, लेकिन जितना पाया वह उनकी उम्मीद से अधिक था। वे ही नहीं, भारत के असंख्य छात्रों एवं परीक्षार्थियों के लिये यह आयोजन नवऊर्जा एवं नयी दिशाओं के उद्घाटन का माध्यम बना है, जहां से छात्रों के जीवन में व्यापक परिवर्तन, उत्साह एवं जिजीविषा की ज्योति प्रज्ज्वलित हुई है।

प्रधानमंत्री इस बात को बखूबी समझते है की पढ़ाई और परीक्षा का तनाव छात्रों के लिए अभिशाप है। वे शिक्षा के स्तर को तो सुधार ही रहे है, लेकिन 'परीक्षा पे चर्चा' के माध्यम से छात्रों का मनोबल भी बढ़ा रहे हैं ताकि परीक्षा तनावमुक्त हो और मोदी के गुरु मंत्रों का सीधा फायदा छात्रों को मिले। 'परीक्षा पे चर्चा' की विशेषता यह है कि इससे जुड़े प्रतिभागी किसी खास वर्ग, क्षेत्र, उम्र, जाति या धर्म के न होकर भारत के सभी राज्यों से लेकर विदेश तक के जूनियर और सीनियर कक्षाओं के विद्यार्थी के साथ-साथ प्रतियोगी परीक्षाओं के अभ्यर्थी होते हैं। प्रधानमंत्री मोदी के संवाद की व्यापकता विद्यार्थियों द्वारा पूछे प्रश्नों के उत्तर में अपनी बात को केवल परीक्षा तक ही सीमित न कर उसे जीवन से जोड़ देती है। विद्यार्थी जीवन में आने वाली अनेक समस्याएं प्रायः किसी न किसी रूप में जीवन के दूसरे पड़ाव में भी जरूर आती हैं।

नरेन्द्र मोदी के शब्दों का जादू और भारत की शिक्षा को ऊंचाई तक ले जाने की तड़प ने एक-एक छात्र एवं शिक्षक को भीतर तक हिला दिया। इस अभिक्रम को देख कुछ लोग तो आश्चर्य में डूब गये क्योंकि मोदी ने शुरूआत में ही कहा कि छात्र पहले से कहीं अधिक नवोन्मेषी हो गए हैं, इसलिये यह कार्यक्रम मेरे लिए भी एक परीक्षा की तरह है। उन्होंने माता पिता से कहा कि आपको किसी बच्चे की तुलना किसी दूसरे से नहीं करनी चाहिए क्योंकि यह उसके भविष्य के लिए हानिकारक हो सकता है। कुछ माता-पिता अपने बच्चे के 'रिपोर्ट कार्ड' को अपना 'विजिटिंग कार्ड' मानते हैं, यह ठीक नहीं है। अपने संबोधन उन्होंने कहा कि प्रतिस्पर्धा और चुनौतियां जीवन में प्रेरणा का काम करती हैं, लेकिन प्रतिस्पर्धा स्वस्थ होनी चाहिए। इसके लिये उन्होंने प्रेरणा, आत्मविश्वास, एकाग्रता, आशा, उत्साह, समय और तनाव प्रबंधन आदि ऐसे अनेक विषयों पर बोला जो विद्यार्थी से लेकर आम व्यक्ति के जीवन को उजालने के लिये जरूरी है।

'परीक्षा पे चर्चा' कार्यक्रम के दौरान मोदी से सवाल हुआ कि छात्रों को प्रेरित करने में शिक्षकों की क्या भूमिका होनी चाहिए और छात्रों को किस तरह से तनावमुक्त रखना चाहिए? मोदी ने कहा कि किसी भी शिक्षक और छात्र के बीच परीक्षा को लेकर सिर्फ नाता नहीं होना चाहिए, अगर ऐसा है तो उसे ठीक करने की जरूरत है। शिक्षक और छात्र का नाता पहले दिन से ही निरंतर प्रगाढ़ता से बढ़ते रहना चाहिए। अगर ऐसा होता है तो परीक्षा के दिनों में तनाव की नौबत ही नहीं आएगी। उन्होंने कहा कि बच्चों के तनाव को कम करने में शिक्षक की अहम भूमिका होती है। इसलिए शिक्षक और छात्रों के बीच हमेशा सकारात्मक रिश्ता रहना चाहिए। शिक्षक का काम सिर्फ जॉब करना नहीं, बल्कि जिंदगी को संवारना है, जिंदगी को सामर्थ्य देना है, यही परिवर्तन लाता है। उन्होंने कहा कि शिक्षक को सिलेबस से आगे बढ़कर छात्रों से संग रिश्ता बनाना चाहिए। इसी से छात्रों के उन्नत, सक्षम, प्रखर एवं चरित्रसम्पन्न जीवन की संभावनाओं का धरातल मजबूत होगा और इसी से वे वर्चस्वी और यशस्वी बनेंगे, उनकी रचनात्मक एवं सृजनात्मक प्रतिभा निखरेगी। संभवतः इसी से सशक्त भारत एवं विकसित भारत का सपना आकार ले सकेगा।

ग्रामीण छात्रों की पसंद विज्ञान एवं तकनीकी विषयों की बजाय आर्ट्स विषय ही होना, शिक्षा के प्रति उपेक्षा एवं शिक्षकों की उदासीनता को ही दर्शा रहा है। समस्या गणित या भाषा नहीं है, ग्रामीण क्षेत्रों की पढ़ाई में यह पिछड़ापन अपने देश के लिए कोई नई बात नहीं। यह चुनौती बड़ी इसलिए है कि नवीन शिक्षा नीति घोषित होने के बावजूद स्कूली पढ़ाई की नियमित प्रक्रिया में इसका इलाज नहीं तलाशा गया है। जाहिर है, विशेष प्रयास करने पड़ेंगे, ग्रामीण एवं पिछड़े क्षेत्रों में शिक्षा को प्राथमिकता देनी होगी अन्यथा दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी इकॉनमी बनने की राह पर बढ़ रहे देश के लिये यह चुनौती एक अंधेरा ही है। इसके लिये शिक्षकों एवं छात्रों के रिश्ते को नये आकार में ढालने की अपेक्षा है। भारत जैसे देश में शिक्षा और उसके पढ़ाई के स्तर पर ऐसी कई पेचीदिगियां एवं चुनौतियां हैं। पढ़ाई का स्तर और पढ़ाई के ढंग की वजह का सीधा असर छात्रों के परीक्षा पर पड़ता है। ये भी हकीकत है कि 2014 में केंद्र में मोदी सरकार के आने के बाद से शिक्षा के क्षेत्र में आमूल चूल परिवर्तन की शुरुआत की गयी है, नयी शिक्षा नीति घोषित की गयी है, लेकिन अभी भी शिक्षा में कई क्रांतिकारी परिवर्तन की जरूरत है। भारत में परीक्षा का तनाव इतना घातक है कि इसके तनाव से छात्र खुदकुशी तक कर लेते है। एनसीआरबी के आंकड़ों के मुताबिक परीक्षा में फेल होने के कारण साल 2014 से साल 2020 के बीच कुल 12,582 छात्रों ने आत्महत्याएं की हैं। आधुनिक शिक्षा के सामने आज अनेक चुनौतियां हैं। जबकि हमारी शारीरिक, मानसिक, भौतिक और आध्यात्मिक शक्तियों तथा क्षमताओं का निरंतर सामंजस्यपूर्ण विकास करके हमारे स्वभाव को परिवर्तित करने का सशक्त माध्यम है। हमने प्राचीन शिक्षा प्रणाली की इन विशेषताओं को भूला दिया है। आजादी के बाद से चली आ रही शिक्षा प्रणाली में शिक्षालय मिशन न होकर व्यवसाय बन गया था। मोदी 'परीक्षा पे चर्चा' से शिक्षा के गौरव को स्थापित करने को भी तत्पर है।

'परीक्षा पे चर्चा' में अनेक छोटी-छोटी बातों पर भी ध्यान आकर्षित किया गया। जैसे हाथ से लिखने की आदत का कम होना। आईपैड और अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों पर समय बिताने के कारण बहुत से छात्रों की कलम से कागज पर लिखने की आदत छूट गई है। दैनिक आधार पर छात्रों को लिखने का अभ्यास करना चाहिए। एक विषय लें और उस पर लिखें, और फिर उसमें खुद ही सुधार करें। यह अभ्यास आपको अपनी गलतियों को सुधारने में मदद करेगा और आपको सही तरीके से रणनीति बनाने में भी मदद करेगा। आज परीक्षा में सबसे बड़ी चुनौती हाथ से लिखना ही है, इसके लिये निरन्तर लिखने का अभ्यास जरूरी है। क्योंकि अगर आपको तैरना आता है तो पानी में जाने से डर नहीं लगता। जो प्रैक्टिस करता है उसे भरोसा होता कि मैं पार कर जाऊंगा। छात्रों एवं परीक्षा के लिये एक स्वतंत्र आयोजन, निश्चित ही दूरगामी सोच का परिणाम है। नरेन्द्र मोदी शिक्षा में नये मूल्यों की स्थापना कर उसे सुन्दर शक्ल देने की बड़ी जिम्मेदारी मानते हुए ही ऐसे आयोजन को महत्व दे रहे हैं। उनको खुद को इसका बेसब्री से इंतजार रहता है। वे परीक्षाओं को मनोरंजक और तनाव मुक्त बनाने से संबंधित नये-नये तरीके प्रस्तुत कर छात्रों की निराशाओं को अवसरों की खिड़की बना कर उससे ताजी हवा का अहसास कराते हैं। **यह निजी विचार है।**

# जीवन मे लक्ष्य प्राप्ति और सफलता के लिए सटिक योजना और रणनीति आवश्यक

### संकल्प संयम और अनवरत श्रम सफलता के सूत्र।

किसी भी लक्ष्य को पाने के लिए सही योजना परिकल्पना तथा रणनीति अत्यंत आवश्यक है अपने लक्ष्य के अनुसार अपनी क्षमता को दृष्टिगत रखते हुए व्यक्ति को अपनी प्राथमिकताएं सुनियोजित कर लेनी चाहिए, लक्ष्य प्राप्ति के लिए यह बहुत जरूरी है कि आपके पास उपलब्ध समय की गणना आवश्यक रूप से कर ले, अन्यथा अपने टारगेट से इधर उधर भटक सकते हैं, ऐसी स्थिति में मन को एकाग्र रखकर आत्मविश्वास को द्विगुणित कर के एकाग्रता को एक हथियार की तरह इस्तेमाल करना एक महत्वपूर्ण कदम होगा, सर्वप्रथम आप अपनी क्षमता शक्ति एवं ऊर्जा को पहचानिए एवं लक्ष्य की तरफ एक एक सोपान धीरे धीरे बढ़ाते जाएं, लक्ष्य के स्वरूप और छोटा या बड़ा होने की मन में कल्पना न करें, लक्ष हमेशा लक्ष्य होता है छोटा बड़ा नहीं, इसके लिए बहुत ही ठंडे दिमाग से योजना बनाकर लक्ष्य की प्राप्ति के उपायों को मन ही मन तय करें एवं प्राथमिकता के आधार पर उसकी धीरे धीरे तैयारी करना शुरू करें सफलता के लिए अपने संसाधन सुनिश्चित करने के पश्चात एक सुनियोजित योजना बनाकर समय की प्रतिबद्धता के हिसाब से धीरे-धीरे आगे की ओर अपने कदम न सुनिश्चित करें। लक्ष्य प्राप्ति के लिए जो सबसे बड़ा शस्त्र है वह समय का सदुपयोग, क्योंकि हम सभी को मालूम है कि हमारे पास दिन में सिर्फ 24 घंटे ही उपलब्ध होते हैं, इसमें हमें दैनिक दिनचर्या शारीरिक एवं मानसिक शक्ति प्राप्त करने के लिए समय निकालने की आवश्यकता होगी, ऐसे में समय का समुचित उपयोग एक सफल नियोजन कर्ता की तरह किया जाना चाहिए, उपलब्ध समय में उचित समय पर उठना स्नान, ध्यान, भोजन एवं मानसिकता दृढ़ता के लिए समुचित नींद या निद्रा की अत्यंत आवश्यक होती है । किसी ने सच कहा है, मन के हारे हार है और मन के जीते जीत, यदि आपको जीवन में जीत या सफलता प्राप्त करनी है तो आप मानसिक दृढ़ता के साथ आप आत्मविश्वास से लवरेज यानी ओतप्रोत होने के लिए तैयार हो जाए, लक्ष्य छोटा हो या बड़ा घबराने की आवश्यकता नहीं है , क्योंकि मनुष्य का मस्तिष्क ही सोच के हिसाब से सफलता लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए सक्षम होता है। काम करने से पहले ही यदि आप आधे मन से अपने लक्ष्य की ओर अग्रसर होंगे तो सफलता प्राप्त होने में संदेह ही नहीं सारी परिस्थितियां संदिग्ध हो जाती है। लक्ष्य की दूरहता या क्लिष्टता का पूर्वानुमान अपनी सफलता की तैयारी के पूर्व ही कर लिया जाना चाहिए और इन सब के लिए सुनियोजित रणनीति या कार्य योजना तैयार कर उस लक्ष्य की तरफ रुख किया जाना चाहिऐ

अपनी प्राथमिकताओं में सर्व प्रथम स्थान नींद का होना चाहिए, सही वक्त पर पूरी नींद ही शरीर को चुस्त-दुरुस्त और सजग रखती है । अतः दिन में मानसिक तनाव से दूर रहने के लिए संपूर्ण 6 से 8 घंटे नींद ले लेनी चाहिए, जिससे मानसिक चुस्ती आने के साथ कार्य क्षमता में वृद्धि होती है, अन्यथा आपका किसी कार्य में समुचित मन लगना संदिग्ध होगा।, इसी तरह आप अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए दिनचर्या के कार्यों को या तो अच्छे से याद कर ले या उसे कॉपी या



डायरी में अच्छी तरह लिख कर रखें और रोज ही अपने लिखे हुए कार्यों को सुचारू रूप से संपादित करें अपने कार्य को प्राप्त करने के लिए होमवर्क किया जाना होगा ।सफलता की प्राप्ति के लिए दिन के लक्ष्य को कागज पर उतार कर उससे जुड़ी हुई विषमताओं एवं चुनौतियां को लिखकर चुनौतियों के समाधान को भी अपने मस्तिष्क में स्थापित कर लेना चाहिए। जिससे यह आपको सुनिश्चित हो जाएगा कि आप लक्ष्य की कठिनाइयों को किस तरह दूर कर पाएंगे और इनका निदान किस तरह किया जा सकेगा।कई बार ऐसे अवसर आएंगे जब आपका आत्मविश्वास आपकी उर्जा एवं शक्ति डगमगाने लगेगी, ऐसे मौके या तो आपकी शारीरिक कमजोरी,मानसिक शिथिलता,सामाजिक,पारिवारिक परिस्थितियों एवं काल के कारण आपके सम्मुख आ सकती है।इन परिस्थितियों में मनुष्य को लगने लगता है कि उनकी मेहनत और लक्ष्य अनायास व्यर्थ हो गई हैं।, बस ऐसे ही समय में आपको अपने मस्तिष्क मे से नकारात्मक विचारों और सोच को दूर रख कर मनन कर आत्मविश्वास के साथ दूर कर आगे की ओर अग्रसर होना है। यही समय है जब आपको अपने आप को संतुलित कर आगे की ओर ले जाना है, और सबसे अहम एवं महत्वपूर्ण तथ्य यह है कि लक्ष्य प्राप्ति के दौरान आप नकारात्मक यानी कि नेगेटिव वातावरण एवं इस तरह की मानसिकता वाले व्यक्तियों से दूर रहकर मस्तिष्क में सकारात्मक ऊर्जा भरकर आत्मविश्वास से लबालब होना है। इस तरह आप अपने लक्ष्य की प्राप्ति की ओर पूरी ऊर्जा और सामर्थ्य के साथ प्राप्त करने के लिए अग्रसर होंगे, लक्ष्य प्राप्ति के साधनों तथा उससे जुड़े हुए समर्थ व्यक्तियों की तलाश में भी आपको सतत रहना होगा यदि आप प्रतियोगिता परीक्षा और उसकी सफलता के लिए प्रयासरत हैं तो ऐसे व्यक्तियों को सदैव बुद्धिमान एवं मेहनती अध्येता के साथ विचार विमर्श करना चाहिए एवं लाइब्रेरी या पुस्तक विक्रेताओं से सर्वश्रेष्ठ ज्ञानार्जन के लिए किताबों का संग्रह किया जाना चाहिए या किसी का अन्य लक्ष्य हो तो सदैव उसे समय की उपयोगिता तथा उसकी सार्थकता पर जरूर ध्यान केंद्रित कर सफल व्यक्तियों का अनुसरण किया जाना चाहिए तभी सफलता उनके कदम चूमेगी और सफलता का एक ही सूत्र एवं रहस्य है कि अपने मस्तिष्क की प्रबलता बनाए रखें जाने के साथ कड़ी मेहनत भी करें, तब जाकर सफलता व्यक्ति के कदम चूमती है।

**- संजीव ठाकुर,स्तम्भ कार**
**यह निजी विचार है।**

## सिंचाई की बाट जोहता सुकमा का विकास

छत्तीसगढ़ प्रदेश के सुदूर दक्षिणी छोर में बसा जिला सुकमा, जहां की ज्यादातर जनसंख्या आदिवासियों की है। जो राज्य की पहचान है । मैं जन्म से ही सुकमा जिले और इसके आसपास के क्षेत्रों को बहुत नज़दीक से देखा और समझा हूं। हमने अपने पड़ोसी राज्य आंध्र प्रदेश और तेलंगाना को काफ़ी क़रीब से देखा हैं। जिस कारण हमारे जिले के विकास में बाधाएं और कमियों को आसानी से बता सकने में सक्षम हूं। इन बाधाओं और कमियों को दूर कर सुकमा जिले को बेहतर और समृद्ध बनाया जा सकता हैं। हमने देखा है पड़ोसी राज्य आंध्र प्रदेश एवं तेलंगाना में शासन ने सिंचाई को प्राथमिकता से काम किया है। और कृष्णा नदी में कई डैम बनाए गए जिसके कारण आंध्र प्रदेश और तेलंगाना राज्य के कई जिलों को सिंचाई और बिजली की समुचित व्यवस्था हो रही है। इसी प्रकार गोदावरी नदी में तेलंगाना ने कई सिंचाई परियोजनाओ का निर्माण किया हैं। कालेश्वर जैसे विश्व के सबसे बड़े लिफ्ट एरिगेशन की परियोजना गत 5 वर्षों में बनकर पूर्ण हुआ। आंध्र प्रदेश में ब्रिटिश के जमाने से ही कालेश्वर डायवर्सन परियोजना ब्रिटिशइंजीनियर ऑर्थर कॉटन द्वारा हुआ था । जिसका फ़ायदा तीन बड़े केनालो के माध्यम से राज्य के दो जिलों में सिंचाई हो रहा है। और यहां वर्ष भर में 04 फसल किसान उपजाते हैं। इसके अलावा वाय.एस राजशेखर रेड्डी की सरकार जल मग्न नामक योजना चला कर पूरे संयुक्त आंध्र प्रदेश में छोटे बड़े नालों को रोककर छोटे डेमो का निर्माण युद्ध स्तर में किया । इन डेमो से कई लाखों एकड़ बंजर भूमि को कृषि योग बनाया गया। जिससे उस क्षेत्र के किसानों का जीवनदशा तो बदल ही साथ ही साथ आर्थिक स्थिति में काफी सुधार देखने को मिल और वहां के भूमिगत जल स्तर में भी वृद्धि आयी।वर्तमान में आंध्र प्रदेश राज्य के गोदावरी नदी में पोलावरम नमक एशिया का सबसे बड़ा पानी डिस्चार्ज क्षमता वाला डैम का निर्माण किया जा रहा है । जबकि उसे डैम का 80त पानी छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले के सबरी नदी से जाता है। इस डैम के निर्माण से आंध्र प्रदेश के सभी 10 जिलों को सिंचाई और 960 मेगावाट बिजली मिलेगा जो की 2028 तक पूर्ण होने वाला है। इसी तरह से हमारे पड़ोसी राज्य उड़ीसा भी गत पांच वर्षों से सबरी नदी में कई सिंचाई परियोजना पर कार्य किया है और पानी लिफ्ट कर अपने राज्य में सिंचाई का रकबा बढ़ाया है।अगर हम अपने पड़ोसी राज्यों की विकास की बातें करते हैं तो हम पाते हैं कि यहां सिंचाई और कृषि के लिए शासन ने प्राथमिकता से कार्य किया है। मैं यह सब इसलिए कह रहा हूं क्योंकि हमारे राज्य में सिंचाई के लिए किए गए दो दशकों से अधिक का कार्य संतोषजनक नहीं रहा। और हम अपने पड़ोसी राज्यों से तुलना करने पर उक्त क्षेत्र में काफ़ी पिछड़े हैं ।अगर हम अपने छत्तीसगढ़ में सिंचाई की परियोजना के बारे में बात करें तो पिछले 20 वर्षों में बस्तर संभाग में कोसारहेड़ा परियोजना को छोड़कर हमारे पास बताने को कुछ विशेष नहीं है। जिससे सिंचाई क्षेत्र में कोई विशेष वृद्धि नहीं दिखती।

**यह निजी विचार है।**

# एक्सिसस बैंक फाउंडेशन समुदाय-आधारित जलवायु एक्शन कार्य के लिए अर्थ केयर अवार्ड 2024 जीता

**एक्सिसस बैंक फाउंडेशन (एबीएफ) के सतत आजीविका कार्यक्रम को 'छत्तीसगढ़ में उच्च प्रभाव मेगा वाटरशेड परियोजना' के लिए मान्यता दी गई थी।**

**एबीएफके सतत आजीविका कार्यक्रम को छत्तीसगढ़ के 12 जिलों और 26 ब्लॉकों में 1 लाख से अधिक ग्रामीण परिवारों की आय बढ़ाने के लिए मान्यता दी गई थी।**

रायपुर संवाददाता

भारत रूरल लाइवलीहुड्स फ उंडेशन (बीआरएलएफ) के साथ साझेदारी में एक्सिसस बैंक फ उंडेशन (एबीएफ) को जेएसडब्ल्यू और द टाइम्स ऑफ इंडिया ग्रुप द्वारा आयोजित अर्थ केयर अवार्ड 2024 के 11वें संस्करण में सम्मानित किया गया है। एबीएफ और बीआरएलएफ को समुदाय आधारित जलवायु कार्रवाई कार्यक्रम की श्रेणी के तहत 'छत्तीसगढ़ में उच्च प्रभाव वाटरशेड परियोजना' में उनके असाधारण कार्य के लिए मान्यता दी गई है। प्रतिष्ठित पुरस्कार ने एबीएफ और बीआरएलएफ के सतत आजीविका कार्यक्रम के उत्कृष्ट प्रयासों को मान्यता दी, जिसने नवीन भूमि और जल उपचार उपायों के माध्यम से 1 लाख से अधिक किसान परिवारों की आय में उल्लेखनीय वृद्धि की थी। फसल गहनता में सुधार, और जलसंभर विकास और प्रबंधन पर स्थानीय समुदाय के सदस्यों या सामुदायिक संसाधन व्यक्तियों (सीआरपी) की क्षमता निर्माण भी इसमें शामलि था। इस परियोजना के तहत कई प्रमुख पहलों को लागू किया गया है जिससे क्षेत्र में इसका व्यापक प्रभाव पड़ा है- वाटरशेड के निर्माण के माध्यम से मिट्टी और जल संरक्षण में सुधारः टिकाऊ कृषि पद्धतियों को बढ़ाने के लिए रणनीतिक उपायों का कार्यान्वयन। प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन को मजबूत बनानाः समग्र पारिस्थितिक संतुलन में योगदान देने वाले कुशल प्रबंधन पर केंद्रित प्रयास।





## खाद्य विभाग एवं मंडी के संयुक्त टीम द्वारा की गई कार्यवाही



जांजगीर-चांपा

**कलेक्टर श्री आकाश छिकारा के निर्देशन में खाद्य एवं मंडी के संयुक्त टीम द्वारा अवैध धान विक्रय एवं परिवहन पर कार्रवाई की गई।**

जिला खाद्य अधिकारी श्री कौशल साहू ने बताया कि खिलेन्द्र कुमार कौशिक द्वारा धान उपार्जन केन्द्र तिलई, जांजगीर-चांपा में धान खपाने के उद्देश्य से 400 कट्टा धान वाहन क्रमांक छ्त्त 04 NZ 1806 में लोड कर ग्राम-कटगी विकासखण्ड-कसडोल जिला-बलौदाबाजार भाटापारा से लेकर आया था। जिसे वाहन मिनी ट्रक में भरे होने के कारण संदेह हुआ। संदेह के आधार पर वाहन चालक से पूछताछ किया गया। जिसमें उनके द्वारा बताया गया कि उक्त धान ग्राम-कटगी विकासखण्ड-कसडोल जिला-बलौदाबाजार भाटापारा से लोड कर लाया गया है तथा 300 कट्टा धान तिलई उपार्जन केन्द्र में खाली किया गया है, एवं 100 कट्टा धान उपार्जन केन्द्र से वापस लेकर जाना है बताया गया उक्त धान अन्य जिले से लाए जाने के कारण मौके पर जब्त किया गया तथा जब्तशुदा वाहन मिनी ट्रक CG 04 NZ 1806 तथा 400 कट्टा धान से पुलिस थाना जांजगीर के अभिरक्षा में दिया गया। उक्त कार्यवाही खाद्य एवं मंडी के संयुक्त टीम द्वारा की गई है।

## पीएम मोदी ने आज के भारत को वूमेन लैड डेवलपमेंट का प्रतीक बताया - मधुसूदन

**एजेंसी।** पूर्व सांसद राजनांदगांव मधुसूदन यादव ने 28 जनवरी को प्रसारित प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम के 109वें एपिसोड का टीवी पर लाइव प्रसारण अपने -मोतीपुर स्थित निज निवास में देखा । इस अवसर पर भाजपा नेता किसुन यदु, मदन (मोंटू) यादव, संजय लड्डूवन एवं साथी मुख्य रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम समाप्ति के उपरांत प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष मधुसूदन ने बताया कि आज के एपिसोड में प्रधानमंत्री मोदी ने मुख्य रूप से प्रभु राम के शासन को संविधान निर्माताओ के प्रेरणा का स्त्रोत बताया और 22 जनवरी को अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा के आयोजन का स्मरण करते हुए इसे देश की सामूहिकता की शक्ति का परिचायक बताया जो देश को नई ऊंचाई पर पहुंचायेगा । पीएम मोदी ने 21वीं सदी के भारत को वूमेन लैड डेवलपमेंट का प्रतीक बताया और उदाहरण के रूप में 26 जनवरी की परेड में महिलाओं की अभूतपूर्व भागीदारी , अर्जुन अवार्ड समारोह में महिला एथलीटों की भागीदारी एवं स्वयं सहायता समूह के रूप में महिलाओं की भागीदारी का उदाहरण प्रस्तुत किया। पीएम मोदी ने पद्म



पुरस्कारों का उल्लेख करते हुए इसमें भी 30 महिलाओं को पद्म सम्मान दिए जाने को महिला सशक्तिकरण के उदाहरण के रूप में प्रस्तुत किया। आज के एपिसोड में प्रधानमंत्री ने अंगदान से लोगों की जिंदगी बचाने वाले निर्णय एवं प्रयासों का भी उल्लेख किया। इसके अलावा पीएम मोदी ने छत्तीसगढ़ के पद्मश्री सम्मान प्राप्त करने वाले वैद्यराज हेमचंद मांझी का उल्लेख करते हुए बताया कि कैसे वह पिछले 5 दशकों से गरीब मरीजों की सेवा करते रहे हैं । प्रधानमंत्री ने रेडियो की ताकत का उदाहरण देते हुए छत्तीसगढ़ के चर्चित रेडियो प्रसारण कार्यक्रम 'हमर हाथी, हमर गोठ' की ख्याति से देशवासियों को अवगत कराते हुए बताया की कैसे इस रेडियो पर प्रसारित कार्यक्रम के माध्यम से छत्तीसगढ़ के स्थानीय लोग जंगल में हाथियों के दल की लोकेशन की जानकारी लेकर उनके आवागमन मार्ग से दूरी एवं सामंजस्य बनातें हैं । वरिष्ठ भाजपा नेता मधुसूदन ने यह भी बताया कि पीएम मोदी ने पहली बार वोट डालने वाले मतदाताओं से अपील की है कि वह अपना नाम वोटर लिस्ट में जरूर जुड़वाएं और मतदान अवश्य करें क्योंकि उनका वोट देश का भाग्य बदल और बना सकता है। पीएम मोदी ने देश के दो महान विभूतियां पंजाब केसरी लाला लाजपत राय एवं फील्ड मार्शल के एम करिअप्पा का स्मरण करते हुए भारत के इतिहास में इनके अमूल्य योगदान को भी स्मरण किया।

## जिले के लगभग 4 लाख बच्चों को खिलाई जाएगी कृमिनाशक दवाई








**राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस 10 फरवरी कार्यक्रम हेतु जिला समन्वय समिति की बैठक संपन्न**

जांजगीर-चांपा संवाददाता।

कलेक्टर श्री आकाश छिकारा के अध्यक्षता में आज समय समय की बैठक उपरांत राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस 10 फरवरी 2024 के संबंध में कलेक्टोरेट कार्यालय के सभा कक्ष में जिला कार्यबल की बैठक संपन्न हुई। बैठक में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस मनाए जाने की विस्तृत कार्य योजना पर चर्चा की गई। कलेक्टर ने सभी विभागों को निर्देशित कर कहा है कि अपने-अपने स्तर पर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करें।

कलेक्टर ने राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस कार्यक्रम का आयोजन 10 फरवरी 2024 को समस्त आंगनबाड़ी केंद्र, शासकीय विद्यालयों, अनुदान प्राप्त शालाओं, केंद्रीय विद्यालयों, नवोदय विद्यालयों मदरसों, निजी विद्यालयों, महाविद्यालयो, तकनीकी शिक्षा संस्थानों, में 1 वर्ष से 19 वर्ष तक के आयु के सभी बच्चों, किशोर, किशोरियों के स्वास्थ्य एवं पोषण का स्तर, एनीमिया की रोकथाम बौद्धिक विकास तथा शाला उपस्थिति में सुधार हेतु कार्यक्रम चलाए जाने कहा है। तथा छूटे हुए बच्चों के लिए मॉप अप राउंड 15 फरवरी 2024 को करने के निर्देश दिए हैं।

बैठक में बताया कि जिले में 1 साल से 19 साल तक के आयु वर्ग के सभी बच्चों की लक्ष्य जनसंख्या लगभग 406275 है। एल्बेंडाजोल 400 मिलीग्राम की दवाई 1 से 2साल तक के बच्चों को आधी गोली चम्मच में घोलकर, 2 से 3 साल तक के बच्चों को पूरी गोली चुरा कर, एवं 3 से 19 साल तक के बच्चों को एक गोली चबाकर खिलाया जाएगा। कृमि संक्रमण से बच्चों में कुपोषण के मुख्य कारक है शरीर में खून की कमी होने से शरीर कमजोर, थकान महसूस करती है शरीर का विकास पूर्ण रूप से नहीं होता मानसिक विकास में अवरोध पैदा करती है कृमि से होने वाले लक्षण में दस्त, पेट दर्द, भूख न लगना, कमजोरी व उल्टी लगना है, कृमि संक्रमण के बचाव हेतु एल्बेंडाजोल की एक खुराक से कृमि संक्रमण ठीक हो जाती है। कोई भी स्वास्थ्य संबंधी सलाह के लिए आपातकालीन नंबर 104, 108, 102 एवं 112 पर संपर्क कर सकते हैं।

बैठक में अपर कलेक्टर श्री एस पी वैद्य, जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री आर के खुंटे, अपर कलेक्टर श्रीमती लवीना पांडेय, अपर कलेक्टर श्री गुड्डू लाल लगत, सर्व एसडीएम, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग, जिला शिक्षा अधिकारी, उप संचालक समाज कल्याण विभाग, सिविल सर्जन, डीपीएम, जिला नोडल अधिकारी डॉ बी एल जागृति सहित जिला स्तरीय अधिकारी कर्मचारी के साथ तकनीकी सहयोगी एविडेंस एक्शन के जिला समन्वयक भी उपस्थित थे।

# क्राईम रिपोर्ट

## जैन मंदिर से चुराया डेढ़ लाख का कलश, दो गिरफ्तार



**रायपुर।** नेवरा स्थित शांति नाथ दिगम्बर जैन मंदिर से डेढ़ लाख का अष्टधातु कलश चुराने वाले दो शातिर चोर पुलिस की गिरफ्त में आ गए हैं। आरोपियों ने 27 जनवरी को मंदिर से कलश पार कर दिया था, लेकिन महज 4 घंटे के भीतर पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया। मामला तिल्दानेवरा थाना का है। शांति नाथ दिगम्बर जैन मंदिर नेवरा के सचिव अमित कुमार जैन ने शिकायत दर्ज कराई कि मंदिर में पुराना कलश सेट जो अष्टधातु से बना है और सुनहरी परत चढ़ी है को पुराने मंदिर से निकालकर मंदिर के पिछले वाले कुंआ के पास वाले कमरे में रख दिया गया था। 22 जनवरी की शाम कमरे का ताला खोलकर देखा तो कलश रखा हुआ था। 27 जनवरी की सुबह करीब 10:30 बजे नये मंदिर में काम कर रहे कारीगर मनोज कुमार राउत ने उन्हें बताया कि दो व्यक्ति पुराने मंदिर के पीछे घूम रहे है। जब उन्होंने मंदिर के पीछे प्रांगण में जाकर देखा तो कुंआ के पास वाले कमरे का ताला टूटा हुआ था, पुराना कलश सेट नहीं था। पुराना कलश सेट जिसकी वर्तमान कीमती करीब 150000/ रू को किसी अज्ञात चोर के द्वारा चोरी कर ले गया है कि रिपोर्ट पर अपराध कायम कर पुलिस ने पता-तलाशी शुरू की। विवेचना के दौरान मुखबिर सूचना के आधार पर प्रदीप कुमार वर्मा और नारायण प्रसाद वर्मा को हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर जुर्म करना स्वीकार किये जिनसे पूछताछ कर मेमो0 कथन लेखबद्ध किया गया। मेमो0 कथनानुसार आरोपी प्रदीप कुमार वर्मा से घटना में प्रयुक्त लोहे के रॉड व कटर मशीन तथा हुंडी प्लेट का टुकड़ा को समक्ष गवाहान् जब्त किया गया। आरोपी नारायण प्रसाद वर्मा से घटना में प्रयुक्त मो0सा0 एच.एफडीलक्स क्रमांक सीजी 04 के.एफ 0682 तथा बटवारा में मिले एक गोल हुण्डी को मुताबिक जप्ती पत्रक जप्त किया गया। प्रकरण में चोरी गये मशरूका आरोपियों से बरामद हो जाने पर प्रकरण में वजाप्ता सुमार किया गया। आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायायिक रिमांड पर न्यायालय पेश किया गया।

**गिरफ्तार आरोपी** प्रदीप कुमार वर्मा उर्फ पिन्टू पिता डोमार सिंह वर्मा उम्र-35 वर्ष साकिन वार्ड क्र.08 महामाया पारा नेवरा थाना तिल्दानेवरा जिला-रायपुर। नारायण प्रसाद वर्मा पिता डोमार सिंह वर्मा उम्र-38 वर्ष साकिन वार्ड क्र.06 गौरा चौरा के पास खपरीकला थाना तिल्दानेवरा जिला-रायपुर।

## सब्जी कम दी तो कर दिया चाकू से हमला, 2 गिरफ्तार...



रायपुर। पिकनिक के दौरान सब्जी कम मिलने पर चाकू से जानलेवा हमला करने वाले 2 आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। मामला तिल्दानेवरा थाना का है। जानकारी के अनुसार प्रार्थी ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि 27 जनवरी को वह अपने साथ काम करने वाले हमालों के साथ बड़े तालाब पार में पिकनिक मनाने गया था। इसके पड़ोस में रहने वाला हमाल सूरज चतुर्वेदी और उसका छोटा भाई खिलेश्वर चतुर्वेदी खाना खाने के दौरान दोपहर करीब 03:30 बजे इसे सब्जी कम दिये हो कहकर गाली गलौज करने लगा। प्रार्थी के समझाने पर सूरज चतुर्वेदी और खिलेश्वर चतुर्वेदी ने गाली गलौज करते हुए उसके साथ मारपीट करने लगे। मारपीट करने के दौरान सूरज चतुर्वेदी अपने जेब में रखे चाकू से प्रार्थी के उपर हमला कर दिया, जिससे प्रार्थी के गुप्तांग में गंभीर चोट लग गई। मारपीट में प्रार्थी के चेहरे में दाहिने तरफएवं शरीर में चोट लगी। रिपोर्ट पर अपराध कायम कर विवेचना कार्यवाही में लिया गया। आरोपियों की पता तलाश कर मिलने पर हिरासत में लेकर गवाहों के समक्ष पूछताछ कर मेमो0 कथन लेखबद्ध किया गया जो जुर्म करना स्वीकार करते हुये आरोपी प्रवीण उर्फसूरज चतुर्वेदी से घटना में प्रयुक्त एक नग सब्जी काटने का चाकू को जप्त किया गया। अपराध सबूत पाये जाने पर आरोपीगण को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर न्यायालय पेश किया गया।

## भाठागांव बस स्टैंड में व्यवसायिक वाहन चालकों का नेत्र परीक्षण

**एजेंसी।** सड़क सुरक्षा माह 2024 के चौदहवें दिन यातायात पुलिस रायपुर द्वारा व्यवसायिक वाहन चालक बस चालक/परिचालक एवं आटो, ई-रिक्शा चालकों का नेत्र/ स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया जिसमें 241 बस, आटो, ई-रिक्शा चालकों का नेत्र एवं स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। व्यवसायिक वाहन चालकों के अतिरिक्त 53 पुलिस स्टाफ बस स्टैंड में कार्यरत नगर निगम स्टाफका भी नेत्र एवं स्वास्थ्य जांच की गई। नेत्र एवं स्वास्थ्य जांच के लिए ए.एस.जी. आई हास्पिटल शंकर नगर की टीम, जिला हास्पिटल की जांच टीम एवं श्रेयांश मल्टी स्पेशिलिटी हॉस्पिटल की टीम के द्वारा की गयी। वाहन चालकों को यातायात नियमों की जानकारी दी गयी एवं शहर में सुरक्षित यातायात व्यवस्था बनाए रखने में अपनी



भागीदारी देते हुए यातायात नियमों का पालन कर वाहन चलाने के लिए प्रशिक्षक टीके लाल भोई द्वारा बताया गया। स्वास्थ्य जांच में चालकों के बी.पी. एवं सुगर की जांच की गई। उक्त जांच शिविर में श्री सचिन्द्र कुमार चौबे, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यातायात रायपुर, सुशान्तो बनर्जी उप पुलिस अधीक्षक यातायात रायपुर एवं भाठागांव बस स्टैंड के प्रभारी उप निरीक्षक श्याम सिंह नेताम के साथ साथ यातायात की टीम भी उपस्थित थे।

यातायात जनजागरूकता की कड़ी में ग्राम सारागांव में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से रोचक तरीके से शराब पीकर गाड़ी चलाने से कैसे चालक, गाड़ी से अपना नियंत्रण खो देता है और दुर्घटना का शिकार होता है। दुर्घटना में जान चली जाती है और उस व्यक्ति पर आश्रित परिवार के लोग टूट जाते है। घर की परिस्थितयां बदल जाती है, परिवार आर्थिक तंगी से गुजरने लगती है पर सहयोग के लिए कोई आगे नही आता है। यह कड़वा सच है, जिसको सब जानते है परंतु सड़क पर अपनी सुरक्षा के प्रति जिम्मेदारी कोई निभाना नही चाहता। अपने जीवन का परिवार, समाज के लिए आवश्यकता को हमें समझना होगा। सड़क पर चलते समय अपने परिवार जनों के लिए हमें यातायात नियमों का पालन करना होगा, समझाया गया। यह भी बताया गया कि आज भी ग्रामीण अंचलों में बारात, चौथिया, छट्टी इत्यादि कार्यक्रमों को मालवाहक वाहनों में काफी संख्या में लोगों को बिठाकर ले जाया जाता है। वापसी में अक्सर खुशी के कार्यक्रमों के कारण वाहन चालक भी अन्य लोगों के साथ मदिरापान कर वाहन चलाता है। वाहन से नियंत्रण खोने पर एक ही बार में कई सवार लोगों की मौत हो जाती है। इन सबसे सीख लेने की जरूरत है।

# जय भारत इंग्लिश मिडियम स्कूल के छात्र-छात्राओ ने नेशनल साइंस ओलंपियाड 2023-24 में किया सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन

**जांजगीर चांपा :-संवाददाता**

हरिराम गट्टानी मेमोरियल जय भारत इंग्लिष मिडियम स्कूल जांजगीर जिला जांजगीर-चाम्पा (छ.ग) के छात्र-छात्राओ ने नेशनल साइंस ओलंपियाड 2023-24 में किया सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन। हरिराम गट्टानी मेमोरियल जय भारत इंग्लिष मिडियम स्कूल जांजगीर जिला जांजगीर-चाम्पा (छ.ग) में आयोजित नेशनल साइंस ओलंपियाड 2023-24 द्वारा आयोजित की गई दो दिवसीय परीक्षा में सर्वश्रेष्ठ परिणाम लाकर विद्यालय परिवार एवं अपने गुरू जनो का मान बढ़ाया। विज्ञान ओलंपियाड की परीक्षा 05-12-23 को आयोजित की गई थी जिसमे हरिराम गट्टानी मेमोरियल जय भारत इंग्लिष मिडियम स्कूल जांजगीर जिला जांजगीर-चाम्पा (छ.ग) के 67 छात्र-छात्राओ ने प्रतिभागिता की जिसमे 10 छात्र-छात्राओ का चयन आगामी स्तर पर हुआ। इसी प्रकार आगामी दिवस में गणित ओलंपियाड की परीक्षा 14-12-23 को आयोजित की गई थी जिसमे हरिराम गट्टानी मेमोरियल जय भारत इंग्लिष मिडियम स्कूल जांजगीर जिला जांजगीर-चाम्पा (छ.ग) के 72 छात्र-छात्राओ ने प्रतिभागिता की जिसमे 10 छात्र-छात्राओ का चयन आगामी स्तर पर हुआ।

**विद्यालय में प्रतियोगिता परीक्षा के परिणाम इस प्रकार से है-** त्रिवेणी साहू, कक्षा पाचवी (स्वर्ण पदक उत्कृष्ट), प्रियल यादव कक्षा छठवीं (स्वर्ण पदक उत्कृष्ट), अनुप्रिया यादव कक्षा सातवी (स्वर्ण पदक उत्कृष्ट), सूरभि नामदेव कक्षा आठवी (स्वर्ण पदक उत्कृष्ट), अरमान कारके कक्षा नवमीं (स्वर्ण पदक उत्कृष्ट), ग्रेसी योगेश्वर कक्षा नवमीं (स्वर्ण पदक उत्कृष्ट), योगेश राज कक्षा नवमीं (स्वर्ण पदक उत्कृष्ट), पीयूस श्रीवास कक्षा दसवी (स्वर्ण पदक उत्कृष्ट), अमन रात्रे कक्षा दसवी (स्वर्ण पदक उत्कृष्ट), अविकांत देवांगन कक्षा दसवी (स्वर्ण पदक उत्कृष्ट) प्राप्त कर विद्यालय तथा अभिभावकगणो का मान बढ़ाया विद्यालय के शिक्षक प्रबंधक श्री हर्षित गट्टानी जी ने पुरस्कृत छात्र-छात्राओ को प्रमाण पत्र एवं मेडल देकर विद्यालय प्रार्थना प्रांगण में सम्मानित किया।

विद्यालय के प्राचार्य प्रवीण कुमार कुलदीप जी एवं विद्यालय सहायक प्राचार्य मनोज कुमार पंडा उत्साहवर्धन करते हुये कहा कि नेशनल साइंस ओलंपियाड का आयोजन प्रत्येक वर्ष आयोजित किया जा रहा है अंकिय प्रश्नो एवं विज्ञान के संबंध में विशेष रूप से तैयार प्रश्नो का अध्ययन करने के लिए यह परीक्षा एक ससक्त माध्यम है सभी छात्र-छात्राओ को कक्षा पाचवी से दसवी तक के स्तर विद्यार्थी इसमे सहभागिता दे सकते है यह स्वयं को परखने का एक माध्यम है। विद्यालय संचालक श्री अजय कुमार गट्टानी जी ने प्रतिभावान छात्रों को आर्षीवाद संदेष देते हुए कहा कि वह विद्यालय के साथ-साथ अपने माता-पिता, परिजनों का नाम रौषन करते रहे और आगामी दिवस में आयोजित होने वाले प्रतियोगिता परीक्षाओ में उन्नत प्रदर्षन करते रहेंगें। विद्यालय का सदैव प्रयास रहा है षिक्षा के साथ-साथ गणित एवं विज्ञान जैसे जटिल विषयो की प्रतियोगिता परीक्षाओ का भी आयोजन अनिवार्य है इससे बच्चे मानसिक एवं शारीरिक रूप से स्वयं को तैयार करने में सक्षम हो पाते है।



## जो भी काम करो उसे अपना शत प्रतिशत दें, सफलता अवश्य मिलेगी - कलेक्टर

# विद्यार्थियों से कहा : समय का प्रबंधन कर तैयारी करें

**कलेक्टर ने जिले के विभिन्न हाई स्कूल व हायर सेकेण्डरी विद्यालयों के बोर्ड परीक्षा देने वाले छात्र-छात्राओं से ऑनलाइन जुड़कर किया संवाद**

**जांजगीर-चांपा** / कलेक्टर श्री आकाश छिकारा ने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम के पश्चात जिला ऑडिटोरियम में जिले के विभिन्न हाई स्कूल व हायर सेकेण्डरी विद्यालयों के बोर्ड परीक्षा देने वाले छात्र-छात्राओं से संवाद किया। परीक्षा का डर, तनाव, विषयों की तैयारी व सफलता के संबंध में पूछे गए सवालों का जवाब देकर उन्होंने छात्र-छात्राओं के शंकाओं का समाधान किया। ऑडिटोरियम में उपस्थित छात्र-छात्राओं ने भी कलेक्टर श्री आकाश छिकारा से कई प्रश्न पूछे जिनका उन्होंने समाधान पूर्वक उत्तर दिया। कलेक्टर श्री आकाश छिकारा ने सभी छात्र-छात्राओं से कहा कि आप जो भी काम करते हैं उसे अपना शत प्रतिशत दें, सफलता निश्चित मिलेगी। उन्होंने कहा कि जब हम किसी कार्य को करते हैं या परीक्षा देते हैं तो तनाव होता ही है। यह उस कार्य के प्रति हमारी गंभीरता को दर्शता है। एक निश्चित सीमा तक तनाव भी जरूरी है यह हमारे सफलता की संभावना को बढ़ता है। परन्तु ज्यादा तनाव नहीं लेना चाहिए क्योंकि इससे हमे सफलता मिलने में मुश्किल होती है। उन्होंने कहा कि किसी भी कार्य को कहा कि समय का प्रबंधन आवश्यक है। कलेक्टर श्री आकाश छिकारा ने कहा कि मोबाइल का प्रयोग करने से विद्यार्थी को बचना चाहिए। परीक्षा या पढाई के दौरान गेमिंग, सोशल मीडिया की लत, मोबाइल का ज्यादा प्रयोग घातक होता है, इसलिए इससे बचे।





नवागढ़ ब्लाक से बारहवीं के विद्यार्थी संस्कृति गोस्वामी शा.उ.मा.वि. केरा, नितिश साहू शा.उ.मा.वि. भड़ेसर, 10 वीं की छात्रा रूपसी शा.हाई स्कूल, सेजेस जांजगीर की उन्नति साहू, पामगढ़ ब्लाक से योगेश्वर सिंह यादव 12वी शा.उ.मा.वि. राहौद, जीविका जाहिरे 10वीं शा.उ.मा.वि. ससहा, आयुशी सिन्हा 10वीं शा.उ.मा.वि. भैंसो, मोनिका खरे 12वीं शा.उ.मा.वि. कोसला, बलौदा ब्लाक से आरती चेलकर 10वीं शा. कन्या हाई स्कूल बलौदा, आराधना खुंटे 12 वीं, भगवती अहिर 12वी शा कन्या उ.मा.वि. बलौदा, अकलतरा ब्लाक से योगेश घृतलहरे 12 वीं शा. हाई स्कूल अर्जुनी, छाया अग्रवाल 12 सेजस अकलतरा, बम्हनीडीह ब्लाक के खुशबु देवांगन 12 सेजस बम्हनीडीह, अंजली कर्ष 12 वीं पं. देवीधर दीवान स्कूल अफरीद द्वारा पूछे गए प्रश्नों पर कलेक्टर ने समाधान पूर्वक टिप्स दिए। ऑडिटोरियम में उपस्थित शादिया खान 10वीं सहित कई छात्र छात्राओं ने प्रश्न पूछा उनकी शंकाओं का समाधान भी कलेक्टर श्री आकाश छिकारा ने किया। इस अवसर पर अपर कलेक्टर श्रीमती लवीना पांडेय ने कहा कि हमें परीक्षा व पढ़ाई में ज्यादा समय देने के बजाय इस बात पर केन्द्रित होना चाहिए की हम अपना क्वालिटी टाइम दें। अपर कलेक्टर श्री गुड्डू लाल जगत ने कहा कि पढ़ाई के दौरान तनाव कम करने के लिए हमें अध्ययन के बीच-बीच में संगीत, गीत, खेल के लिए थोड़ा-थोड़ा समय निकालते रहना चाहिए।

डीईओ श्रीमती भारती वर्मा ने कहा कि जिले के बोर्ड परीक्षा देने वाले छात्र-छात्राओं को कलेक्टर से मिला यह मार्गदर्शन अत्यंत लाभकारी सिद्ध होगा। बच्चें तनाव रहित होकर परीक्षा की तैयारी कर पाएंगे। डीएमसी समग्र शिक्षा ने भी महत्वपूर्ण टिप्स दिया। सत्र का संचालन व्याख्याता शा.उ.मा.वि. मड़वा श्री दीपक कुमार यादव ने किया। कार्यक्रम में यूनिसेफ कॉर्डिनेटर सुश्री दिव्या राजपूत, एपीसी श्री प्रदीप शर्मा, श्री दिनेश सोनवान, श्री हरीराम जायसवाल, श्रीमती हेमलता शर्मा सहित विभिन्न विद्यालयों के शिक्षक, छात्र-छात्राएं, युवोदय हसदेव के हीरो के वालिटियर उपस्थित थे।

## कलेक्टर ने जनदर्शन में आमजनों की सुनी समस्याएं



**संबंधित अधिकारियों को प्राप्त आवेदनों का त्वरित निराकरण करने के दिए निर्देश**

**जनदर्शन में कुल 147 आवेदन हुए प्राप्त**

**जांजगीर-चांपा संवाददाता।**

कलेक्टर श्री आकाश छिकारा ने आज कलेक्टोरेट कार्यालय के सभाकक्ष में जनदर्शन के माध्यम से आमनागरिको की समस्याएं सुनी। जिले के ग्रामीणजन और नागरिक जनदर्शन में अपनी छोटी - बड़ी समस्याओं को सीधे कलेक्टर के समक्ष रख रहे हैं। जिसका जिला प्रशासन द्वारा यथासंभव तेजी से निराकरण करने का प्रयास किया जा रहा है। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को प्राप्त सभी आवेदनों को प्राथमिकता के साथ शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए हैं। जनदर्शन में आज कुल 147 आवेदन प्राप्त हुए हैं। आज जनदर्शन में तहसील अकलतरा अंतर्गत ग्राम अमोरा के श्री छोटेलाल साहू द्वारा नामंतरण, विकासखंड पामगढ़ अंतर्गत ग्राम महका निवासी श्रीमती बिन्दु टंडन द्वारा पीएम आवास से संबंधित, तहसील जांजगीर के ग्राम पिसौद के श्री खिलावन सूर्यवंशी द्वारा ट्रायसायकल एवं पेंशन प्रदान करने, तहसील शिवरीनारायण अंतर्गत ग्राम खिसोरा निवासी श्री बजरंग प्रसाद तिवारी द्वारा मुआवजा की राशि दिलाने, ग्राम पुटपुरा निवासी श्रीमती कुमारी बाई राठौरा द्वारा पीएम आवास एवं विधवा पेंशन दिलाने, तहसील तहसील अकलतरा के ग्राम पड़रिया निवासी दिव्यांग परदेशी सोनझरी द्वारा ट्रायसायकल दिलाने संबंधी आवेदन प्राप्त हुए। जिस पर कलेक्टर द्वारा संबंधित अधिकारियों को त्वरित कार्यवाही करते हुए उचित निराकरण करने के निर्देश दिए गए हैं। इसके साथ ही अन्य आवेदको द्वारा नामांतरण, प्रधानमंत्री आवास निर्माण, आर्थिक सहायता, रोजगार प्रदाय करने, भूमि सीमांकन, राशनकार्ड, विधवा पेंशन संबंधी कुल 147 आवेदन प्राप्त हुए। कलेक्टर ने प्राप्त सभी आवेदनों को पूरी गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागों को उचित कार्यवाही करते हुए त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिये।

**कलेक्टर ने ली साप्ताहिक समय सीमा की बैठक**

# 30 जनवरी व 31 जनवरी को चलाया जाएगा आयुष्मान कार्ड महाअभियान

**01 फरवरी से 29 फरवरी तक राजस्व शिविर होगा आयोजन >> लंबित प्रकरणों को समय-सीमा में प्राथमिकता के साथ पूर्ण करने के दिए निर्देश**

**जांजगीर-चांपा** कलेक्टर श्री आकाश छिकारा ने आज कलेक्टारेट सभाकक्ष में साप्ताहिक समय सीमा की बैठक ली। समय सीमा की बैठक में कलेक्टर ने जिले में 30 जनवरी व 31 जनवरी को आयुष्मान कार्ड महाअभियान अंतर्गत सभी ग्राम पंचायतों, नगरीय निकायों एवं स्कूलों में मेगा शिविर लगाने की तैयारियों की जानकारी ली एवं सर्व एसडीएम, सीएमओ, जनपद सीईओ को बचे हुए पात्र हितग्राहियों, विद्यार्थियों के आयुष्मान कार्ड बनाना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को आयुष्मान कार्ड शिविरों का सतत मॉनिटरिंग एवं निरीक्षण करने के निर्देश



दिए। कलेक्टर ने 01 फरवरी से 29 फरवरी तक पटवारी हल्कावार आयोजित होने वाले राजस्व शिविर की तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने संबंधित ग्रामों में मुनादी कराने एवं अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को शिविर में प्राप्त आवेदन के त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने सभी जनपद सीईओ को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पूर्ण-अपूर्ण आवास, लंबित आवास और जीओ टैगिंग के कार्यों की विस्तार से जानकारी लेकर शेष आवासों को समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना के कार्य में किसी भी प्रकार की शिकायत प्राप्त होने एवं लापरवाही करने पर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने पेंशन संगवारी घर पहुंच पेंशन अभियान में पात्र हितग्राहियों सहित वृद्धजनों, दिव्यांगों को शत प्रतिशत लाभ दिलाने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर श्री छिकारा ने सभी जनपद सीईओ, सीएमओ को प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना का सभी पंचायतों एवं नगरीय निकायों में शिविर लगाकर अधिक से अधिक हितग्राहियों का पंजीयन करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने बैठक में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, पीएम पोषण अभियान, जीवन ज्योति बीमा योजना, सुरक्षा बीमा योजना, केसीसी, जल-जीवन मिशन के कार्यों की समीक्षा की गई। इसके साथ ही बैठक में नगरीय निकाय, स्वास्थ्य, मनरेगा, आधार सीडिंग, वन विभाग, समाज कल्याण सहित विभिन्न विभाग अंतर्गत चल रहे कार्यों की समीक्षा की एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में अपर कलेक्टर श्री एस. पी. वैद्य, जिला पंचायत सीईओ श्री आर. के. खुटे, अपर कलेक्टर श्रीमती लवीना पांडेय, अपर कलेक्टर श्री गुड्डू लाल जगत सहित सभी विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।





# प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने की ''परीक्षा पे चर्चा'', स्कूली बच्चों को दिए तनाव मुक्त परीक्षा दिलाने के टिप्स





**परीक्षा पे चर्चा 2024 : जिला पंचायत ऑडिटोरियम में किया गया वर्चुअल कार्यक्रम का आयोजन**

**जांजगीर-चांपा संवाददाता।**

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने आज हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी स्कूली बच्चों, शिक्षकों और अभिभावकों के साथ परीक्षा को उत्सव की तरह मनाने एवं विद्यार्थियों में तत्संबंधी तनाव दूर करने के लिए सीधा संवाद किया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री श्री मोदी ने बच्चों से सीधा संवाद कर उन्हें परीक्षा को एक उत्सव की तरह मनाने तनावमुक्त एवं उत्साह के साथ दिलाने के टिप्स दिए। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के ऑनलाइन परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम का जिला पंचायत के ऑडिटोरियम में वर्चुअल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसके आलावा जिले के विभिन्न स्कूलों में भी प्रधानमंत्री के परीक्षा पे चर्चा का ऑनलाइन कार्यक्रम आयोजन किया। जिला पंचायत ऑडिटोरियम में कलेक्टर श्री आकाश छिकारा, अपर कलेक्टर श्री लवीना पांडेय, अपर कलेक्टर श्री गुड्डू लाल जगत, जिला शिक्षा अधिकारी श्रीमती भारती वर्मा, डीएमसी श्री आर के तिवारी, यूनिसेफ कॉर्डिनेटर सुश्री दिव्या राजपूत सहित संबंधित अधिकारी-कर्मचारी एवं विभिन्न स्कूलों के छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि प्रतिस्पर्धा और चुनौतियां जीवन में प्रेरणा का काम करती हैं। लेकिन प्रतिस्पर्धा स्वस्थ होनी चाहिए। उन्होंने छात्रों को दूसरों से प्रतिस्पर्धा करने के बजाय खुद से प्रतिस्पर्धा करने को कहा। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि अगर जीवन में कोई चुनौती न हो तो जीवन प्रेरणा हीन और हतोत्साहित करने वाला बन जाता है। उन्होंने कहा कि कुछ अभिभावक अपने विजिटिंग कार्ड के रूप में अपने बच्चों के साथ रिपोर्ट कार्ड की तरह व्यवहार करते हैं। यह अच्छी बात नहीं है।


कार्यालय कार्यपालन अभियंता
लोक निर्माण विभाग (भ/स) संभाग राजनांदगांव (छ.ग.)
निविदा आमंत्रण सूचना (प्रथम आमंत्रण)

निविदा विज्ञप्ति क्र. 418 /31/नि.वि./लोनिवि/2023-2024 दिनांक 24/01/2024

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित मैनुअल निविदा आमंत्रित की जाती है :-

1. निविदा प्रपत्र हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि : 13/02/2024 अपरान्ह 5.30 बजे तक
2. ठेकेदारों द्वारा प्रस्तुत निविदायें प्राप्त करने की अंतिम तिथि : 21/02/2024 अपरान्ह 5.30 बजे तक
3. निविदा खोलने की तिथि : 22/02/2024 अपरान्ह 11.30 बजे

| क्रमांक | कार्य का विवरण | कार्य की अनुमानित लागत (लाख में) | अमानती राशि |
|---|---|---|---|
| 01 | 02 | 03 | 04 |
| 31 T 0188 | ओ.सी.आर.कॉम्पलेक्श कार्यालय सह आवासीय भवन का मरम्मत कार्य । | 14.18 | 10700.00 |

विशेष शर्त :-
निविदा समय-सारणी एवं आवश्यक निर्देश :- आवेदन पत्र के साथ निम्नलिखित दस्तावेज की छायाप्रति प्रस्तुत करना अनिवार्य है । (1) पंजीयन की छायाप्रति (2) जी.एस.टी. प्रमाण-पत्र (3) पेन कार्ड (4) बैंक सालवेंशी (5) अन्य जानकारी कार्यालीयन अवधि में देखा जा सकता है।

G-07357/4

कार्यपालन अभियंता
लोक निर्माण विभाग (भ/स) संभाग
राजनांदगांव (छ.ग.)

## खास - खबर

### स्वच्छ धरा समिति द्वारा लगातार 46वें सप्ताह चलाया गया स्वच्छता अभियान

**भिलाई।** स्वच्छ धरा समिति, छत्तीसगढ़ की भिलाई इकाई द्वारा लगातार सफाई अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत 46वें सप्ताह पर पंचमुखी हनुमान मंदिर, हुड़को भिलाई के परिसर में साफ-सफाई करते हुए गुटखा पाऊच, डिस्पोजल, कागज, दोना पत्तल के कचरे एवं पत्तों को एकत्रित कर निर्धारित स्थान पर डंप किया गया। समिति का उद्देश्य हरा भरा, स्वच्छ धरा है। स्वच्छता अभियान के पश्चात लोगों से निवेदन किया गया कि आप सभी अपने घर के आसपास, सार्वजनिक स्थल एंव मंदिरों पर स्वच्छता बनाए रखें। स्वच्छता के साथ ही मंदिर परिसर में आंवला का वृक्ष का पौधारोपण भी ट्री गार्ड सहित किया गया। ताकि माताएं बहनें आंवला नवमी पर पूजा-पाठ कर सके।

### मनोचिकित्सक की ओपीडीजिला अस्पताल में फिर शुरू

**भिलाई।** जिला अस्पताल में पदस्थ मनोचिकित्सक डॉ.प्रशांत अग्रवाल के इस्तीफे से मरीजों को हो रही परेशानीअब दूर हो गई है। नेशनल मेडिकल कमीशन के नए नियमअनुसार शंकरा मेडिकल कॉलेज से मनोचिकित्सक कीपढ़ाई करने वाली डॉक्टर और सीएम मेडिकल कॉलेज केमनोचिकित्सक डिपार्टमेंट में पदस्थ डॉक्टर यहां पहुंचनेलगे है। शंकराचार्य मेडिकल कॉलेज की सभी छह दिनऔर सीएम मेडिकल कॉलेज के डॉक्टर सप्ताह में दो दिनपहुंचते हैं। शंकराचार्य मेडिकल कॉलेज की एसआरडॉक्टर रोज मरीजों को देखती हैं, वहीं सीएम मेडिकलकॉलेज के डॉक्टर दिव्यांग जनों को प्रमाण-पत्र जारी करनेउपस्थि?त होते हैं। सिविल सर्जन डॉ. वाईके शर्मा केअनुसार दोनों डॉक्टरों के पहुंचने से मानसिक बीमारी सेपीड़ित मरीजों की पहचान व इलाज रेगुलर होने लगा है।

### कृषि व चिकित्सा शिक्षा विभागके लिए साक्षात्कार 1 फरवरी से

**भिलाई।** सहायक संचालक कृषि, जिला आयुर्वेदअधिकारी और सहायक संचालक (तकनीकी) भर्ती केलिए 1 फरवरी से होगा। इसके एक दिन पहले यानी 31जनवरी को दस्तावेज सत्यापन होगा। साक्षात्कार कोलेकर पीएससी ने समय सारणी जारी कर दी है। इसकेअनुसार कृषि विकास एवं किसान कल्याण तथा जैवप्रौद्योगिकी विभाग में सहायक संचालक कृषि के 7 पदोंपर भर्ती होगी। इसके लिए साक्षात्कार 1 और 2 फरवरीको दो पालियों में होगा। पहली पाली में सुबह साढ़े 9बजे से और दूसरी पाली में दोपहर डेढ़ बजे सेसाक्षात्कार होंगे। लिखित परीक्षा के आधार पर 21अभ्यर्थियों को साक्षात्कार के लिए चिह्नांकित किया गयाहै। इसी तरह जिला आयुर्वेद अधिकारी भर्ती के लिएसाक्षात्कार 1 फरवरी को दो पालियों में होगा। कुल 4 पदोंके लिए 12 अभ्यि?र्थयों को चिह्नांकित किया गया है। साथही चिकित्सा शिक्षा विभाग में सहायक संचालक कीभर्ती होगी। इसके लिए भी साक्षात्कार 1 फरवरी को होगा।

### ब्राह्मण समाज के कार्यक्रम में महिलाओं ने बांटी सुहाग की सामग्री

**भिलाई।** रिसाली स्थित एक निजी होटल में कड़ा मानिकपुरी जिझौतिया ब्राह्मण समाज छत्तीसगढ़ द्वारा रविवार को हल्दी-कुमकुम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमेंदुर्ग- के अलावा रायपुर, बिलासपुर, राजनांदगांव, कोरबा के समाजबंधु शामिल हुए। महिलाओं ने एक- दूसरे को हल्दी कुमकुम लगाया और सुहाग की सामग्री वितरित की।



# रंग-बिरंगे फूलों की खुशबू से महका राजेंद्र पार्क

## मैत्री गार्डन की तर्ज पर राजेंद्र पार्क फ्लावर-शो को लोगों का मिला अच्छा प्रतिसाद

### पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष भी फ्लावर-शो को देखने हजारो की भीड़ जुटी

लोकशक्ति।

दुर्ग। नगर निगम प्रशासन द्वारा राजेन्द्र पार्क में भव्य फ़्लावर शो कार्यक्रम का विधायक गजेंद्र यादव द्वारा नगर निगम सभापति राजेश यादव,आयुक्त लोकेश चन्द्राकर,पर्यावरण प्रभारी सत्यवती वर्मा एवं पार्षदों और अधिकारी/कर्मचारी के बीच फीता काटकर भव्य फ़्लावर शो कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

नगर पालिक निगम द्वारा भिलाई इस्पात संयंत्र के मैत्री गार्डन की तर्ज पर निगम के राजेंद्र पार्क फ्लावर-शो को लोगों का अच्छा प्रतिसाद मिला।पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष भी आयोजित फ्लावर-शो को देखने सुबह से देर रात तक 15 हजार से अधिक लोग पहुंचे।फ्लावर-शो पर 250 से अधिक वेरायटी के फूल सजाए गए थे।इनमें काला और हरा गुलाब के साथ बोनसाई के पौधे आकर्षण के केंद्र रहे।फ्लावर शो में प्रतिभागियों द्वारा तैयार फूलों के गमले और सजावटी पौधे रखे गए।महापौर धीरज बाकलीवाल के मंशा के अनुरूप नगर निगम प्रशासन द्वारा शहर को ग्रीन सिटी बनाने पौधारोपण के लिए लोगों को प्रेरित करने के मकसद से फ्लावर-शो का आयोजन किया गया।विधायक गजेंद्र यादव एवं महापौर धीरज बाकलीवाल ने भव्य पुष्प प्रदर्शनी प्रतियोगिता में भाग लेने वाले लगभग 250 से अधिक प्रतिभागियों व स्कूल बच्चो द्वारा पेंटिंग व डांस किया गया जिन्हें प्रशस्ति पत्र वितरण प्रदान किया गया।

उन्होंने सभी को बधाई व शुभकामनाएं दी।इस अवसर पर पूर्व विधायक प्रतिभा चन्द्राकर,दीपक साहू,हमीद खोखर,उपनेता प्रतिपक्ष देवनारायण चन्द्राकर,मदन जैन,पूर्व महापौर आरएन वर्मा,विजेंद्र भारद्वाज,चमेली साहू,हेमा





शर्मा,बृजलाल पटेल,शशिद्वारिका साहू, कुमारी साहू,ज्ञानदास बंजारे,उपायुक्त मोहेंद्र साहू, ईई दिनेश नेताम,जितेंद्र समैया, वीपी मिश्रा,आरके पलिया, जावेद अली,दुर्गेश गुप्ता,उद्यान प्रभारी अनिल सिंह,थानसिंह यादव,पूर्व सभापति देवनारायण तांडी,अजय गुप्ता, रत्ना नामदेव,रामकली यादव,अनूप वर्मा, निकिता मिलिंद आदि मौजूद रहें।बता दे कि इस आयोजन में अधिक से अधिक लोगों व पर्यावरण प्रेमियों का जुड़ाव हो सके इसके लिए घरों में तैयार पौधों को भी फ्लावर-शो में सजाने का अवसर दिया गया। इसमें सैकड़ो से ज्यादा लोगों ने पंजीयन कराया। फ्लावर शो में नगर निगम द्वारा तैयार फूलों के गमलों व सजावटी पौधों के अलावा फ्लावर शो में प्रतिभागियों द्वारा तैयार फूलों के गमले और सजावटी पौधे रखे गए।फ्लावर शो में गमला में फूल पौधा सजावट,कट फूल पौधा सजावट और बोनसाई फूल पौधा सजावट तीन केटेगरी में कराई गई।नगर निगम दुर्ग फ्लावर शो : हरा और काला गुलाब सहित बोनसाई पौधे आकर्षण के केंद्र रहे। फ्लावर-शो के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण के साथ स्वच्छता का संदेश भी दिया गया।अयोध्या मंदिर कटआउट बनाया गया था इसे लोगों की जमकर सराहना मिली।इसके अलावा फ्लावर शो में अयोध्या मंदिर के कटआउट के आगे लोग शेल्फी लेते नजर आये व बच्चों के अलावा सेल्फी में रूचि रखने वालों के लिए यह खासे आकर्षक के केंद्र रहे। फूलों के अलावा मौसमी फलों की प्रदर्शनी को भी लोगों ने खासा पसंद किया।

-छत्तीसगढ़ी व्यंजनों से महका स्टॉल फ्लॉवर-शो को आकर्षक बनाने निगम प्रशासन द्वारा अलग-अलग वस्तुओं की बिक्री के लिए स्टॉल भी आवंटित किया गया था।इसमें छत्तीसगढ़ी व्यंजनों के स्टॉल भी शामिल थे।

इन स्टॉलों में लगभग सभी तरह के छत्तीसगढ़ी व्यंजन रखे गए थे। फ्लावर-शो में पहुंचे लोगों ने छत्तीसगढ़ी व्यंजनों का जमकर लुत्फ उठाया।जबकि बोनसाई सजावट के लिए एक केटेगरी तय की गई थी।सभी केटेगरी को मिलाकर करीब सैकड़ो प्रदर्शन रखे गए थे।

# खेलो इंडिया यूथ गेम्स में भाग लेंगे हुडको वालीबॉल क्लब के विनोद नायर, अर्पिता शर्मा और अलीशा खान

भिलाई। खेलो इंडिया यूथ गेम्स चेन्नई में आयोजित होने वाले हैं। इस प्रतिष्ठित चैंपियनशिप में हुडको वालीबॉल क्लब के एनआईएस वॉलीबॉल कोच और इंटरनेशनल वॉलीबॉल रेफरी विनोद नायर, अर्पिता शर्मा और अलीशा खान भाग ले रहे हैं। विनोद नायर को तकनीकी अधिकारी के रूप में नामित किया गया है।




विनोद नायर को रेफरी समूह के प्रमुख के रूप में नामित किया गया। यह पहली बार है कि छत्तीसगढ़ राज्य से किसी अधिकारी को इस पद के लिए नामांकित किया गया है। स्स्स सेक्टर -7, की छात्रा अर्पिता शर्मा और एमजीएम की छात्रा अलीशा खान को छत्तीसगढ़ राज्य गर्ल्स वॉलीबॉल टीम का प्रतिनिधित्व करने के लिए चुना गया है।

पिछले महीने इन दोनों खिलाड़ियों ने तमिलनाडु के तिरुचरापल्ली में छत्तीसगढ़ राज्य स्कूल गर्ल्स (अंडर-17) वॉलीबॉल टीम का प्रतिनिधित्व किया और स्कूल नेशनल में उनकी टीमों के प्रदर्शन ने उन्हें खेलो इंडिया यूथ गेम्स खेलने के लिए जगह दिलाई। एचवीसी और दुर्ग जिला वॉलीबॉल एसोसिएशन के सभी अधिकारियों, प्रशिक्षकों, खिलाड़ियों और सदस्यों ने उनकी उपलब्धि पर उन्हें बधाई दी है।

## डॉ. मित्रा होंगी हेमचंद विवि की पहली लोकपाल, शिकायतें सुनेंगी

**दुर्ग।** पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के मानवशास्त्र विभाग की सेवानिवृत्त प्राध्यापक डॉ. मिताश्री मित्रा हेमचंद विवि की लोकपाल होंगी। यूजीसी के निर्देशानुसारउनकी नियुक्ति की गई है। उनका कार्यकाल 3 साल का होगा। इसके माध्यम से विद्यार्थियों कीसमस्याओं को सुना जाएगा औरउसका निवारण किया जाएगा। कॉलेज स्तर पर आनेवाली समस्याओं के निराकरण के लिए विद्यार्थी पहले कॉलेज स्तरीय शिकायत निवारण समिति से संपर्ककरेंगे। वहां समस्या हल नहीं होती है तो आगे कीकार्रवाई के लिए समिति लोकपाल से संपर्क करेगी। वहां उनकी समस्याओं का निवारण किया जाएगा।



डॉ. मित्रा इससे पहले रविशंकर विश्व विद्यालयरायपुर में पदस्थ रह चुकी हैं। उन्हें विद्यार्थियों कोहोने वाली समस्याओं का खासा अनुभव भी है।

# जनवरी के अंतिम सप्ताह में भी पड़ रही कड़ाके की ठंड

लोकशक्ति।

**भिलाई।** जनवरी के अंतिम सप्ताह में भी शहर ठंड से कंपकपा रहा है। छत्तीसगढ़ के उत्तरी जिलों के साथ ही दुर्ग भिलाई में भी कड़ाके की ठंड है। रात को पारा 9.2 डिग्री तक पहुंच गया। यह इस सीजन की सबसे सर्द रात मानी जा रही है। न्यूजनतम तापमान शनिवार की रात सामान्य से 6 कम 9.2 डिग्री सेल्सियस पहुंचगया है। एक दिन पहले रात यह औसत से 5 डिग्री नीचे 9.9 डिग्री सेल्सियस था। इससे पहले के 26 दिनों में यह सबसे कम 16 से 12 डिग्रीसेल्सियस के आस-पास रहा। जबकि बीते दो दिनों में पड़ोसी जिलों में रात का तापमान दुर्ग की तुलना में पूर्व की तरह 12 डिग्रीसेल्सियस से 14 डिग्री सेल्सियस केआस-पास रहा है।

संभाग के सभीजिलों के बीच में होने के बाद भीदुर्ग में सर्द रात्रि का स्थिति बन गईहै। 56 घंटे में रात के तापमान में 3डिग्री सेल्सियस की गिरावट देखनेको मिली है। 26 जनवरी को जिलेका न्यूनतम तापमान सामान्य से 3डिग्री से. कम 12 डिग्री सेल्सियसथा। 28 जनवरी को यह सामान्य से6 डिग्री कम 9.2 डिग्री सेल्सि. रहा। मौसम विभाग का अनुमान है कि दक्षिणी हवा आते ही ठंड गायब हो जाएगी और गर्मी बढ़ेगी।

मौसम विभाग के अनुसार आगे केतीन दिनों जिले के मौसम में कोईबड़ा उतार-चढ़ाव नहीं होना है।पश्चिमी विक्षोभ का असर सोमवारकी रात तक खत्म हो जाएगा। दिनकी लंबाई ज्यादा हो गई है, इसकेसाथ ही उत्तर से ठंडी हवाएं अब बंदहोने के कगार पर है। दक्षिण की ओरसे गर्म हवाएं शुरू होने वाली है। ऐसीदशा में अब मौसम गर्म होते जाएगा। गुजरात से आए बादल अबयूपी की ओर निकल गएशनिवार रात आसमान में बादल छानेके बाद तापमान गिरा है। गुजरात केऊपर दिखे बादल रात 12 बजे तकप्रदेश की सीमा में प्रवेश किए औरउसी रफ्तार से बिना रुके उत्तर प्रदेशकी ओर निकल गए हैं। यह बादलकुछ देर तक ठहराते तो तापमान केगिरावट पर अंकुश लग सकता था।

# सात समंदर पार भिलाईवासियों ने बढ़ाया तिरंगे का मान

**भिलाई।** सात समंदर पार सुदूर अमेरिका में हिंदी भाषा के प्रचार-प्रसार में लगे भिलाई के युवा मयंक जैन की हिन्दी यूएसए सेंट लुईस हिन्दी पाठशाला में भारत का 75 वा गणतंत्र दिवस देश-विदेश के प्रतिनिधियों के साथ मनाया गया। मयंक जैन ने बताया कि पाठशाला के लगभग 200 सदस्यों ने पूरे उत्साह और देशभक्ति की भावना के साथ यह गौरवमयी दिवस मनाया।

शुरुआत ध्वजारोहण से हुई, और सभी ने तिरंगे को सलामी देकर राष्ट्रगान समवेत स्वर में गाया। इस दौरान बच्चों ने 'सारे जहां से अच्छा', 'हम होंगे कामयाब', और 'नन्हा मुन्ना रहू हूं' जैसे राष्ट्रभक्ति गीत सुना कर मंत्रमुग्ध कर दिया। अध्यापिका ऋतु माहेश्वरी ने 'ऐ मेरे प्यारे वतन'



गा कर समा बांधा। यह कार्यक्रम फेसबुक पर भी लाइव स्ट्रीम किया गया था, जिससे ऑनलाइन दर्शक भी इस सांस्कृतिक कार्यक्रम का हिस्सा बन सके। कार्यक्रम का संचालन पाठशाला की सहसंचालिका डॉ.अंशु जैन और विशेष संबोधन मयंक जैन ने किया। मयंक ने बताया कि अमेरिका में वर्ष 2018 से उनके संस्थान के माध्यम से भारतवंशी विविध पहल कर रहे हैं। जिसमें दीपावली और नवरात्रि का उत्सव मनाया गया। पहली बार हिन्दी पाठशाला ने भारतीय समुदाय के बाहर बहु-जातीय चैम्बर ऑफ कॉमर्स में भाग लेकर और लाड्यू हॉर्टन हाई स्कूल में एक स्टॉल लगाकर हिंदी स्कूल, भाषा, और संस्कृति को प्रदर्शित किया। मयंक ने बताया कि सेंट लुईस पब्लिक रेडियो पर स्कूल के बारे में बात करने के लिए पहली बार उन्हें आमंत्रित किया गया था। गणतंत्र दिवस के आयोजन में सभी बच्चों के हाथ में तिरंगा था और इस दौरान वक्ताओं ने गणतंत्र दिवस का महत्व भी सभी को बताया।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से विनिता सिंह, सारिका गाबा, क्रांति अग्रवाल, कपिल खत्री, नेहा विजय, शालिनी शर्मा, शुचि खंडेलवाल, चेतन शाह, अंजना किनी, केसी पाठक, आकाश जैन, पायल जैन, सुगंध सिंघवी और हर्षा अग्रवाल शामिल हैं। हिंदी-यूएसए सेंट लुइस मध्यवर्ती अमेरिका की सबसे बड़ी पंजीकृत गैर-लाभकारी हिंदी-पाठशाला है जिसमे 176 बच्चे हिंदी पढ़ना, लिखना, और बोलना सीखते हैं और इसका उद्देश्य अमेरिका में हिंदी भाषा और भारतीय संस्कृति के ज्ञान का प्रसार करना है। अधिक जानकारी के लिए आप इनके फ़ेसबुक पेज www.Facebook.com/HindiUSASTL को सब्सक्राइब कर सकते है। इसके अलावा आप इनके यूट्यूब चैनल, इंस्टाग्राम और टिक टॉक से भी जुड़ सकते हैं।

# देश के लिए शहीद होने वाले सबसे कम उम्र के क्रांतिकारी में से एक थे हेमू कालाणीः गजेन्द्र यादव

दुर्ग। अमर शहीद हेमू कालाणी के प्रतिमा लोपार्पण में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए दुर्ग शहर विधायक गजेंद्र यादव। सिंधी समाज के द्वारा अमर शहीद हेमू कालानी के प्रतिमा का किया गया लोपार्पण। जिसमें सिंधी समाज के भगवान झूलेलाल का दीप प्रज्वलन अनावरण एवं माल्यार्पण से प्रारंभ हुआ।

उसके पश्चात अतिथियों द्वारा संबोधित किया गया सिंधी समाज के अध्यक्ष आसान दास मोहनानी ने अमर शहीद हेमू कालानी का जीवन का परिचय विस्तार से बताया।

उसके पश्चात मुख्य अतिथि गजेंद्र यादव ने संबोधित करते हुए कहा कि हेमू कालाणी देश के लिए शहीद होने वाले सबसे कम उम्र के क्रांतिकारी में से एक थे। 19 वर्ष की उम्र में उन्हें अंग्रेजी हुकूमत के आदेश पर फसी दी गई थी। उन्होंने सक्खर पुल में पटरी की फिश प्लेट खोलकर गिराने का काम कर रहे थे। पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया जब जेलर आए उनसे अपने साथियों का पूछते थे तो वह अपने साथियों का नाम उनके हाथों में हथौड़े और पाना बताया करते थे! विधायक ने समाज के लोगों को संतुष्ट किया कि सिंधी समाज से विधायक प्रतिनिधि के तौर पर जरूर नियुक्त किया जाएगा। उनके पश्चात पॉलिटेक्निक कॉलेज के समीप ही बना अमर शहीद हेमू कालाणी चौक के नाम से जाना जाएगा कहते हुए अपने वाणी को विराम दिया। मुख्य रूप से उपस्थित रहे नगर निगम सभापति राजेश यादव , नगर निगम आयुक्त लोकेश चंद्राकर एवं पार्षदगण साथ ही साथ समाज के वरिष्ठ विधान एवं सदस्य उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि गजेंद्र यादव को साल एवं प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।



# गोस्वामी समाज का स्नेह सम्मेलन संपन्न, रस्सी खींच में महिलाओं ने पुरुषों के समक्ष पेश की चुनौती

**भिलाई।** सनातन दसनाम गोस्वामी समाज दुर्ग भिलाई (पंजीयन क्रमांक 1657) द्वारा आज मैत्री बाग में वार्षिक स्नेह सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें समाज के लोगो ने भगवान दत्तात्रेय के तैलीय चित्र पर फूलमाला अर्पण कर विधिविधान से पूजा अर्चना कर कार्यक्रम प्रारंभ हुआ। इसके बाद सभी का तिलक लगाकर स्वागत किया गया। स्वागत के बाद परिचय का क्रम जारी हुआ। जिसमे समाज के उपस्थित लोगो ने बारी बारी से अपने परिवार सहित सम्पूर्ण जानकारी दी। स्नेह भोज के बाद द्वितीय सत्र में महिलाओं और पुरुषों का अलग अलग ग्रुप बनाकर रस्सी खींच का आयोजन किया गया। फिर भजन कीर्तन में



महिलाओं ने एकल व सामूहिक प्रस्तुति दी गई। समाज के संरक्षक दुर्ग जिला के पूर्व अध्यक्ष मोहनपुरी गोस्वामी ने भी भजन कीर्तन सुनाकर सभी को मंत्र मुग्ध कर दिया। प्रगति नगर रिसाली निवासी सचिन गिरी गोस्वामी की नन्ही बिटिया आद्यया ने दुर्गास्तुति कर लोगों का दिल जीत ली। कार्यक्रम के अंत में अंताक्षरी का आयोजन किया गया। इसके बाद कार्यक्रम की समाप्ति की घोषणा की गई। स्नेह सम्मेलन में आए हुए सामाजिक लोगों का मोहनपुरी गोस्वामी ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन प्रांतीय कोषाध्यक्ष सुधीर बन, दुर्ग जिला अध्यक्ष दीपक बन ने किया। इस अवसर पर पूर्व प्रांतीय अध्यक्ष वीरेंद्र पूरी गोस्वामी, कुंवर गिरी, शंभू पूरी, लवकेश्वर पूरी, भागवत गिरी, नरेंद्र बन, खिलावन गिरी, तिलक पूरी, महेश पूरी, उमेश गिरी, विक्रांत बन, राजेंद्र भारती, नंदपुरी, भुवनेश्वर पुरी, गोल्डी गोस्वामी, चितरंजन पर्वत, टकेश्वर गिरी, राजेंद्र गिरी, मातृशक्ति श्रीमती उर्मिला, श्रीमती गायत्री , श्रीमती माया सहित आदि लोग उपस्थित थे।

